www.epaper.azadsipahi.in
वंदे मातरम्
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची 18 अगस्त, 2025, सोमवार, वर्ष 10, अंक 298, भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, दशमी, संवत 2082, पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹3.00
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

# दिशोम गुरु की अस्थियां दामोदर में प्रवाहित

## ■ सीएम हेमंत सोरेन ने रजरप्पा में पूरी की श्राद्ध कर्म की आखिरी रस्म
## ■ पिता को याद कर बार-बार आंखें भींगती रही पुत्र हेमंत सोरेन की
## ■ पत्नी कल्पना सोरेन, भाई बसंत और अन्य सदस्य रहे मौजूद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रजरप्पा/ नेमरा/ रामगढ़।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को अपने पिता के श्राद्ध कर्म की आखिरी रस्म पूरी की। बार-बार भावुक होते हेमंत सोरेन ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन की अस्थियों को दामोदर में प्रवाहित कर दिया। इससे पहले वह अस्थि कलश को लेकर पैतृक गांव नेमरा से रजरप्पा स्थित दामोदर घाट पहुंचे। उनके साथ उनकी पत्नी कल्पना सोरेन, भाई बसंत सोरेन और परिवार के अन्य सदस्य और नेमरा के ग्रामीण भी थे।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नदी में स्नान किया और पूरे पारंपरिक विधि-विधान से अस्थियों को विसर्जित किया। घाट पर स्थानीय पाहन द्वारा सभी रीति-रिवाजों का अनुपालन कराया गया। अस्थियां प्रभावित करते समय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की आंखों में अपने पिता को खोने की पीड़ा साफ झलक रही थी।



### मां छिन्नमस्तिका मंदिर में पूजा की

अस्थि विसर्जन के बाद सीएम ने सिद्धपीठ मां छिन्नमस्तिका मंदिर पहुंच कर पूजा-अर्चना की और माता का आशीर्वाद लिया। पूजा-अर्चना सुभाशीष पंडा, सेठी पंडा और गुड्डू पंडा ने पूरी करायी।

**गरीबों के बीच कपड़े और खाद्य सामग्री का वितरण :** मंदिर में पूजा के बाद मुख्यमंत्री ने वहां मौजूद गरीब और असहाय लोगों के बीच कपड़े और खाद्य सामग्री का वितरण किया। इस कार्य को उन्होंने सामाजिक सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के रूप में देखा। पूजा और वितरण के बाद मुख्यमंत्री अपने पैतृक गांव नेमरा लौट गये।

# 'दिशोम गुरु' पर हिंदी में फिल्म बनायेंगे प्रकाश झा

**आजाद सिपाही एक्सक्लूसिव**

अंजनी कुमार

**गोला (आजाद सिपाही)।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन पर जल्दी ही हिंदी फिल्म बनने वाली है। इसको लेकर फिल्मकार प्रकाश झा नेमरा में श्राद्ध कार्यक्रम के बीच में ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिल कर चर्चा कर चुके हैं। नेमरा में प्रकाश झा एक साधारण व्यक्ति की तरह घूमते दिखाई दिये। उन्होंने कुछ स्थानीय लोगों से नेमरा के बारे में जानकारी ली।

माना जा रहा है कि फिल्म का लोकेशन भी तय हो गया है। फिल्म की शूटिंग नेमरा, गोला और बोकारो के साथ दुमका इलाके में की जायेगी।



सूत्रों के अनुसार प्रकाश झा ने फिल्म की पटकथा को लेकर सीएम हेमंत सोरेन से बातचीत की है। फिल्म की पटकथा तैयार करने का काम जल्दी ही शुरू होगा।

### बड़े बजट की होगी फिल्म

दिशोम गुरु की जीवनी पर बनने वाली फिल्म बड़े बजट की होगी। दिशोम गुरु शिबू सोरेन की भूमिका में किसी बड़े अभिनेता को लिया जायेगा।

# हमें मिले जनता के आशीर्वाद को कुछ लोग पचा नहीं पा रहे : मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) को लगभग 11 हजार करोड़ रुपये की सौगात दी। उन्होंने दो महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं में दिल्ली खंड का द्वारका एक्सप्रेस वे और अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 (यूइआर-2) शामिल हैं। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी उपस्थित रहे।

इस दौरान पीएम मोदी ने एक जनसभा को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज भाजपा की सरकार दिल्ली के चारों तरफ है। यह दिखाता है कि जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है। यही आशीर्वाद कुछ लोग बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। वे जनता से दूर हो चुके हैं। जमीन से दूर हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेस वे का



नाम द्वारका, जहां ये कार्यक्रम हो रहा है, उस स्थान का नाम रोहिणी, जन्माष्टमी का उल्लास और संयोग से मैं भी द्वारिकाधीश की भूमि से हूं। पूरा माहौल कृष्णमय हो गया है। अगस्त का यह महीना आजादी और क्रांति के रंग में रंगा होता है। आजादी के इसी महोत्सव के बीच आज देश की राजधानी दिल्ली, देश में हो रही विकास क्रांति की साक्षी बन रही है। उन्होंने कहा, थोड़ी देर पहले दिल्ली को द्वारका एक्सप्रेस वे और अर्बन एक्सटेंशन रोड की कनेक्टिविटी मिली है। इससे दिल्ली के, गुरुग्राम के और पूरे एनसीआर के लोगों की सुविधा बढ़ेगी। दफ्तर आना-जाना, फैक्ट्री आना-जाना और आसान होगा, सभी का समय बचेगा। हमारे व्यापारी, कारोबारी और किसानों को विशेष लाभ होने वाला है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज का भारत क्या सोच रहा है, उसके सपने और संकल्प क्या हैं? ये सब कुछ आज पूरी दुनिया अनुभव कर रही है। दुनिया जब भारत को देखती है, परखती है, तो उसकी पहली नजर हमारी राजधानी दिल्ली पर पड़ती है। दिल्ली को हमें विकास का ऐसा मॉडल बनाना है, जहां सभी को महसूस हो कि हां, ये विकसित होते भारत की राजधानी है। दिल्ली को बेहतरीन शहर बनाने का जो बीड़ा हमने उठाया है, वो निरंतर जारी है। आज भी हम सभी इसके साक्षी बने हैं। द्वारका एक्सप्रेस वे हो या फिर अर्बन एक्सटेंशन रोड, ये दोनों सड़कें शानदार बनी हैं। पेरिफेरल एक्सप्रेस वे के बाद अब अर्बन एक्सटेंशन रोड से दिल्ली को बहुत मदद मिलने वाली है।

## राहुल गांधी को चुनाव आयोग की चेतावनी

# हलफनामा दें या देश से माफी मांगें, तीसरा कोई रास्ता नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी बड़ा हमला बोला है। उन्होंने रविवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में लोकसभा में विपक्ष के नेता के आरोपों को सिरे से खारिज किया। उन्होंने कहा कि सिर्फ पीपीटी दिखाने से, वह भी जिसमें आंकड़े चुनाव आयोग के नहीं हैं, झूठ सच नहीं हो जाता। आपको सबूत देना होगा। उन्होंने राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोलते हुए चेतावनी दी कि हलफनामा दें या देश से माफी मांगें। तीसरा कोई रास्ता नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि सात दिन



में हलफनामा नहीं दिया, तो आरोप निराधार मान लिये जायेंगे।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने बिहार एसआइआर की कवायद में जल्दबाजी के आरोप पर कहा कि कुछ लोग गुमराह कर रहे हैं कि एसआइआर की कवायद इतनी जल्दी क्यों की जा रही है? आप बताइए कि मतदाता सूची को चुनाव से पहले दुरुस्त करना चाहिए या बाद में? ऐसे में चुनाव आयोग अपना काम ही कर रहा है। जनप्रतिनिधित्व कानून कहता है कि आपको हर चुनाव से पहले मतदाता सूची को दुरुस्त करना होगा। यह चुनाव आयोग की कानूनी जिम्मेदारी है। फिर सवाल उठा कि क्या चुनाव आयोग बिहार के सात करोड़ से ज्यादा मतदाताओं तक पहुंच पायेगा? सच्चाई यह है कि यह काम 24 जून को शुरू हुआ था। पूरी प्रक्रिया लगभग 20 जुलाई तक पूरी हो गयी थी।

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

Euro Kids
EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
CBSE PATTERN
Play Group | Nursery | AGE GROUP 1.8 TO 6 YEARS
Euro Jonior (LKG) | Euro Senior (UKG)
OFFERS YOU
Class 1 | Class 2 | Class 3
Class 4 | Class 5
आपके बच्चों को दे सही शुरुआत
ADMISSION OPEN
KOKAR RIMS ROAD, TUNKI TOLA, RANCHI
7903079507, 8092334348

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery | KG - I
Nursery | KG - II
ADMISSION OPEN



Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

Ph.D. Awarded



By order of the Vice - Chancellor, YBN University Mr. Kaushal Kishor, S/O Dr. Nand Kishor Prasad and Dr. Meena Kishor declared to have passed the Doctor of philosophy Examination in Mechanical Engineering on 2 August 2025 on topic "Development of Predictive Computational Models for Failure Analysis in Turbine Blades: A Comprehensive Mechanical Behaviour for High Performance Gas Turbine Engine Using MATLAB" Under the guidance of Dr. Anjani Kumar Singh, Assistant Professor, School of Engineering and Technology, YBN University, Ranchi, Jharkhand.

परमेश्वरी मेडिकल सेन्टर
WE CARE FOR CURE
A unit of Dr. J.P Singh Life Care Pvt. Ltd.
नहर चौक, चिनियां रोड, गढ़वा-822114 (झारखंड)
Contact : 9334551102 E-mail : pmc.garhwa@gmail.com
गढ़वा जिले का सबसे आधुनिक एवं एकमात्र एडवांस सर्जिकल सेंटर




उपलब्ध सुविधाएं
- ओ.पी.डी. (OPD)
- आई.सी.यू.
- जेनरल सर्जरी/लेप्रोस्कोपी सर्जरी
- स्त्री एवं प्रसूती रोग
- नॉर्मल डिलेवरी एवं सीजेरियन ऑपरेशन
- कैंसर सम्बन्धी रोग का उपचार/परामर्श
- इनफर्टीकलिटी क्लीनिक (Infertility Clinic)
- जले हुए मरीज का ईलाज (Burn Ward)
- किडनी मरीजों के लिए डायलिसिस की सुविधा
- 24 घंटे फॉर्मेसी
- पाइथॉलॉजी एवं जांच की सुविधा

- Laparoscopy Surgery
  - दूरबीन विधि से बिना चीरा लगाए, पित की पथरी, अपेंडिक्स, हर्निया , बच्चेदानी सहित अन्य जटिल ऑपरेशन संभव ।
- 24 X 7 आईसीयू
  - एक्सपर्ट टीम, आधुनिक ICU, हरेक उम्र के मरीज के लिए वेंटीलेटर की सुविधा 24 घंटे।
- Mother & Child care
  - माँ और बच्चे के लिए आधुनिक सेवा, नॉर्मल एवं सीजेरियन डिलेवरी की सुरक्षित सुविधा, नवजात बच्चो के लिए अलग से वेंटिलर की सुविधा।
  - Laparoscopy Hysterectomy (दूरबीन द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन)
- IVF निसंतान परिवार के लिए वरदान
  - निसंतान परिवार के लिए इनफर्टीकलिटी क्लिीनिक (Infertility Clinic), आधुनिक उपकरण द्वारा समस्या का कारण और निवारण संभव।

24 घंटे विश्व स्तरीय आधुनिक ICU / HDU सेवा एवं वेंटीलेटर की सुविधा
823 823 823 3
हर तरह की Emergency सेवा के लिए
CIPACA
भारत का नंबर 1 ग्रामीण आईसीयू सेवा गढ़वा में

# स्व. हरिनारायण सिंह को दी श्रद्धांजलि



रविवार को वरिष्ठ पत्रकार और आजाद सिपाही के प्रधान संपादक स्व. हरिनारायण सिंह के आवास पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने श्रद्धासुमन अर्पित किया।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
धनदेव सिंह
रोजगार सेवक
सरयू

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रमिला देवी
मुखिया
पंचायत- घासीटोला

मनरेगा परीवार प्रखण्ड सरयू की ओर से सभी प्रखण्ड वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
लालमुनी तिवारी
रोजगार सेवक
सरयू

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुश्री आशा साहु
प्रखंड विकास पदाधिकारी
प्रखंड सरयू

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आरएन पांडेय
हमारे यहां हाइड्रा के लिए संपर्क करें
मो.:7004767483
चंदवा, लातेहार

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नंदकुमार राम
अंचल पदाधिकारी
लातेहार

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अमिता देवी
प्रमुख
सरयू

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विश्वनाथ सेवा सदन
नियर मिशन स्कूल चंदवा
हमारे यहां 24 घंटे मरीजों की सेवा के लिए उपलब्ध है
प्रो. प्रेम प्रकाश गुप्ता

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मनीषा उरांव
प्रखंड प्रमुख
चंदवा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
इंद्रजीत शाह बंटी
समाजसेवी
चंदवा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
इंदिरा हॉस्पिटल
प्रो. संतोष राणा
नोट हमारे यहां हड्डी रोग विशेषज्ञ ,सेवा उपलब्ध है
एक बार सेवा करने का आवश्यक मौका दें
नियर इंदिरा गांधी चौक, रांची रोड, चंदवा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बाबर खान
यंग ब्रिगेड कांग्रेस नेता
चंदवा, लातेहार

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
उमेश मंडल
परिवहन पदाधिकारी
लातेहार

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेंद्र महतो
थाना प्रभारी
लातेहार

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
फिरोज अहमद
पूर्व उप प्रमुख
चंदवा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ शम्स रजा
डेंटिस्ट चंदवा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रतन शाहदेव
बीपीओ चंदवा
लातेहार

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजमोहन खालको
सिविल सर्जन
लातेहार

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यालय कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग
पथ प्रमण्डल
लातेहार
प्रभाकर सिंह
कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, लातेहार

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ओम प्रकाश बड़ाइक
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विभाग
लातेहार

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मुखिया संघ
चंदवा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मुखिया संघ
लातेहार

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज तिवारी
प्रखंड विकास पदाधिकारी
लातेहार

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दीपक कुमार महतो
कार्यपालक अभियंता पीएचइडी
लातेहार

# छत्तीसगढ़ में दो ननों की गिरफ्तारी के विरोध में शांतिपूर्ण मौन जुलूस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में ऑल चर्चेस कमिटी के द्वारा छत्तीसगढ़ में दो धर्म बहनों के साथ घटित घटना के विरोध में शांतिपूर्ण मौन जुलूस निकाला गया। इस जुलूस में राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की भी शामिल हुई। उन्होंने इस घटना पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि ईसाई धर्मावलंबी हमेशा से ही गांव - घर में अपनी सेवा देते आये है। इनका सामाजिक कल्याण में विश्वास, इनके सेवा भाव को दर्शाता है। छत्तीसगढ़ के दुर्ग में बीते दिनों जिस तरह से दो धर्म बहनों को सुनियोजित साजिश के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया, जिस तरह उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया, वो कही से क्षम्य नहीं है। छत्तीसगढ़ की पुलिस इस पूरे मामले में मूक दर्शक की भूमिका में रही। इस घटना की जांच में दोनों ही धर्म बहनें निर्दोष पायी गयी। उन्हें रिहा भी कर दिया गया है। ईसाई समुदाय के लिए सेवा ही उनका धर्म है। इस तरह से ईसाई समुदाय को टारगेट करना कहीं से भी जायज नहीं है। दक्षिणपंथी ताकतों की नियत हमेशा से ईसाई धर्मावलंबियों को परेशान करना रहा है। ये संवैधानिक अधिकारों का भी उल्लंघन है। मैं इसकी घोर निंदा करती हूं। इसके साथ ही ऑल चर्चेस कमिटी रांची की मांग का समर्थन करती हूं।




## आंधी-तूफान के साथ वर्षा-वज्रपात की चेतावनी

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड में आंधी-तूफान के साथ वर्षा-वज्रपात की चेतावनी मौसम विभाग की ओर से जारी की गयी है। येलो अलर्ट जारी करते हुए आईएमडी के मौसम केंद्र ने कहा है कि झारखंड में कहीं-कहीं गर्जन और तेज हवाओं का झोंका चलेगा। हवा की अधिकतम गति 30 से 40 किमी प्रति घंटे रहेगी। वर्षा के साथ वज्रपात होने की भी संभावना है। मौसम विभाग ने रविवार को झारखंड के लिए जो मौसम की चेतावनी जारी की है। उन्होंने कहा कि पिछले कई दिनों से मानसून कमजोर है। वर्षा में कमी आयी है, लेकिन सोमवार को को कहीं-कहीं आंधी-तूफान के साथ वर्षा-वज्रपात होगी।

## चतरा : प्रसव पीड़ा में तड़पती रही, घर नहीं पहुंची एंबुलेंस

# खाट ही बना सहारा, 3 किमी तक परिजनों ने कंधे पर ढोया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची/चतरा।** चतरा जिले के कुंदा थाना क्षेत्र के सिकिदाग पंचायत का बूटकुईया गांव बरसात में पूरी तरह टापू बन जाता है। यहां सड़क सुविधा के अभाव में ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाओं तक पहुंचने के लिए भी जद्दोजहद करनी पड़ती है। इसी कारण अरविंद गंझु की पत्नी भीखी देवी को प्रसव पीड़ा के दौरान परिजनों को बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

जानकारी के मुताबिक भीखी देवी को दर्द शुरू होने पर परिजनों ने ममता वाहन को बुलाया, लेकिन गांव तक सड़क और पुल नहीं होने की वजह से एंबुलेंस वहां पहुंच ही नहीं सकी। मजबूर परिजनों ने महिला को खाट पर लिटाकर तीन किलोमीटर पैदल चलकर मुख्य सड़क तक पहुंचाया। नदी पार करने से लेकर कच्चे रास्ते पर सफर करना बेहद कठिन था। मुख्य सड़क पर पहुंचने के बाद ही उन्हें एंबुलेंस मिल सकी।

**स्वास्थ्य केंद्र से नर्सिंग होम तक भटकते रहे परिजन :** एंबुलेंस से पहले भीखी देवी को कुंदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, लेकिन वहां से उन्हें चतरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। अंततः परिजनों ने उन्हें एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों की देखरेख में सुरक्षित प्रसव हुआ। मां और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बूटकुईया समेत आसपास के कई गांवों में यह समस्या वर्षों से है। एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच पाती, जिस कारण खाट को ही एंबुलेंस बनाना पड़ता है। इससे पहले प्रतापपुर प्रखंड के हिंदीयखुर्द गांव में भी एक महिला को खाट पर ले जाते समय ही प्रसव हो गया था। ग्रामीणों ने कहा कि यह स्थिति सरकारी दावों और हकीकत के बीच का बड़ा अंतर दिखाती है।

**प्रशासन ने मानी कमी :** कुंदा प्रखंड के बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा ने भी माना कि बूटकुईया गांव आदिम जनजाति बहुल इलाका है और अब तक वहां तक सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि इतनी लंबी सड़क का निर्माण प्रखंड स्तर पर संभव नहीं है, इसके लिए ग्रामीण सड़क विकास योजना और पथ निर्माण विभाग की जिम्मेदारी है।






## झारखंड कलवार संघ की बैठक

# 29 को बलभद्र पूजनोत्सव और 31 को मिलन समारोह पर चर्चा



**बैठक में धर्मशाला निर्माण को लेकर भी की गयी चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड कलवार संघ की बैठक रविवार को ध्रर्वा के सेक्टर 2 स्थित फ्लैव्स रेस्टोरेंट में हुई। इस बैठक में झारखंड कलवार संघ की प्रस्तावित धर्मशाला कलवार भवन, बलभद्र नगर, नेवरी विकास रांची की भूमि के लिए भामाशाह जमीनदान दाताओं की एक बैठक हुई। आगामी होने वाले बलभद्र पुजनोत्सव पर भी विचार विमर्श किया गया। 29 अगस्त कों जगन्नाथपुर मंदिर में पूजा अर्चना और 31 अगस्त को रविवार को राणी सती मंदिर परिसर में होने वाले बलभद्र पुजनोत्सव सह पारिवारिक सांस्कृतिक मिलन समारोह पर विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष श्याम कुमार प्रसाद ने किये। धन्यवाद ज्ञापन संघ के संयुक्त सचिव प्रेम कुमार की। वहीं बैठक का संचालन संगठन मंत्री राधेश्याम गुप्ता ने किया। इसके बाद सभी लोग फ्लैव्स रेस्टोरेंट के भोजन को ग्रहण की।

बैठक में श्याम कुमार प्रसाद, प्रो प्रमोद कुमार भगत, प्रो सीमा प्रसाद, प्रदीप कुमार भगत, बीके जयसवाल, आरएस प्रसाद (मुन्ना), सतपाल गुप्ता, सत्येंद्र जायसवाल, राजेश्वर प्रसाद, अजय कुमार, राजीव कुमार, राकेश भगत, प्रेम कुमार, राजेश कुमार गुप्ता, साधु शरण गुप्ता, केदार प्रसाद, अमित कुमार भगत, दयानंद प्रसाद, मनोज कुमार, ओम प्रकाश, पवन कुमार, राजेश कुमार गुप्ता आदि मौजूद थे।











## युवक को सोशल मीडिया पर युवती से दोस्ती पड़ी महंगी, ठगे 1.45 करोड़ रुपये

**रांची (आजाद सिपाही)।** अरगोड़ा थाना क्षेत्र के पुंदाग रोड निवासी संदीप पाटिल को सोशल मीडिया के माध्यम से हुई एक दोस्ती भारी पड़ गयी। जमशेदपुर की रहने वाली सपना सोना नामक महिला ने संदीप से करीब 1.45 करोड़ रुपये की ठगी कर ली। इस संबंध में पीड़ित की शिकायत पर अरगोड़ा थाना में सपना सोना के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है। बता दें कि वर्ष 2022 में संदीप की मुलाकात सोशल मीडिया के जरिए सपना से हुई थी। धीरे-धीरे महिला ने संदीप और उसके परिवार से नजदीकियां बढ़ा लीं। महिला ने पहले भावनात्मक संबंध बनाकर भरोसे में लिया, फिर धोखे और भयादोहन के माध्यम से बड़ी रकम और संपत्ति हड़प ली। आरोप है कि सपना ने पहले बीमार मां के इलाज और भाई की पढ़ाई के नाम पर संदीप से पैसे लेना शुरू किया। इसके बाद निजी संबंधों को लेकर परिवार में बदनामी फैलाने की धमकी देकर उससे विभिन्न मदों में लाखों रुपये वसूले। संदीप के खाते से महिला ने लग्जरी घड़ियों, जेवरात की खरीदारी तथा भ्रमण आदि के लिए लगभग 75 लाख रुपये खर्च करवा दिए। इतना ही नहीं, सपना ने उसकी दो महंगी एसयूवी गाड़ियों को भी अपने कब्जे में ले लिया। जब संदीप को महिला की गतिविधियों पर संदेह हुआ और उसने पड़ताल की, तो पता चला कि वह पहले से ही जगजीत सिंह नामक व्यक्ति से संबंध में है और उसे भी शादी का झांसा दे चुकी है।














## मेटास ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मना




**रांची(आजाद सिपाही)।** मेटास ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के शुरुआत में मुख्य अतिथि का स्वागत झारखंड की संस्कृति और पारंपरिक नृत्य के साथ किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण विभाग के विशेष सचिव राजदीप संजय जॉन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे जिन्होंने झंडातोलन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोफेसर अनिल कुमार, विजय राज, डॉ आर के जोशी, बॉबी जेम्स, रीता अर्नेस्ट एस डी डी नायडू, अजीत बाजराय और सुभाकर प्रसाद के साथ सभी शिक्षक गणों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल में स्वतंत्रता दिवस मना



**रांची (आजाद सिपाही)।** एदलहातू, मोराबादी स्थित निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल में 79वां स्वतंत्रता दिवस का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा और प्राचार्य विजय कुमार शर्मा की उपस्थिति में विद्यार्थियों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। प्राचार्य ने सेनानियों के त्याग का संदेश दिया। मुख्य अतिथि सचिव सीमा शर्मा ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उन्हें अनुशासन, एकता और देशप्रेम को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका आशुतोष कुमार, किरण कुमारी, अनामिका छेत्री, निधि कुमारी इत्यादि के साथ विद्यार्थीगण और अभिभावक गण भी उपस्थित थे।

## शहीद शेख भिखारी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में 79वां स्वतंत्रता दिवस का आयोजन



**रांची(आजाद सिपाही)।** शहीद शेख भिखारी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में 79वां स्वतंत्रता दिवसहर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ध्वजारोहण महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सपना त्रिपाठी के हाथों से किया गया। प्राचार्या डॉ. सपना त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि 15 अगस्त केवल एक राष्ट्रीय पर्व ही नहीं, बल्कि यह प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व है। उन्होंने कहा कि हम सभी भाग्यशाली हैं कि स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं, किंतु यह स्वतंत्रता हमें सहज रूप से प्राप्त नहीं हुई है।

## सेंट माइकल्स पब्लिक स्कूल, पुंदाग में उत्साह के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया



**रांची (आजाद सिपाही)।** सेंट माइकल्स पब्लिक स्कूल, पुंदाग में बड़े उत्साह और देशभक्ति के साथ देश का 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक राम प्रवेश भारती और डॉ. दीपक कुमार सिन्हा द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण के साथ हुई। इस गरिमामय समारोह में विद्यालय के प्राचार्य मो. नेजातुल्लाह, उप प्राचार्या मंजू पाण्डे सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे और उन्होंने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की। यह कार्यक्रम देश के स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करने और युवा पीढ़ी में देशभक्ति की भावना जागृत करने का एक सफल प्रयास रहा।

## लिटिल स्टार किडजी में मना स्वतंत्रता दिवस का जश्न



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के कोकर स्थित लिटिल स्टार किडजी में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने देशभक्ति भावना का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकों और कर्मचारियों ने भी भाग लिया और बच्चों के साथ मिलकर स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाया। लिटिल स्टार किडजी के पूरे परिवार ने स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और देश के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने देश के प्रति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के बारे में जाना और उन्हें निभाने का संकल्प लिया।


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आशीष कुमार गुप्ता
झामुमो जिला सह सचिव गढ़वा
रंका - गढ़वा


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रविन्द्र कुमार कमलापुरी
प्रोपराइटर - मां सतबहिनी आटोमोबाइल
कांडी


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शाहिद अंसारी
प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी
कांडी


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सफीउल्ला अंसारी
हरिहरपुर ओपी प्रभारी
भवनाथपुर


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनिल कुमार सिंह
प्रभारी प्रधानाध्यापक
विद्यालय - उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावां पूर्व
मझिगावां - कांडी


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
निरंजन साह
प्रभारी प्रधानाचार्य
विद्यालय - रा. कृत जमा दो उच्च विद्यालय कांडी
कांडी



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
किसून राज पब्लिक हाई स्कूल
बलियारी- कांडी


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नेहा कुमारी
जिला परिषद सदस्य (दक्षिणी) कांडी


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनुप्पा टोपो
प्रभारी
विद्यालय - आश्रम आवासीय बालिका विद्यालय
मझिगावां - कांडी


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रीता देवी
मुखिया
मझिगावां - कांडी


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश्वर विश्वकर्मा
मुखिया
डूमरसोता - कांडी


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ0 असजद अंसारी
प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (रेफरल), रंका - गढ़वा


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मालती देवी
पूर्व मुखिया
सोनदाग, रंका - गढ़वा


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जैनुल्लाह अंसारी
प्रखंड अध्यक्ष, झामुमो
रंका - गढ़वा


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विजय कुमार भुईयां
पूर्व मुखिया प्रतिनिधि
कंचनपुर, रंका - गढ़वा


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रकाश चन्द्र पाठक उर्फ रौशन पाठक
जिला उपाध्यक्ष, झामुमो
गढ़वा (झारखंड)


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभम बेला तोपनो
प्रखंड विकास पदाधिकारी
रंका - गढ़वा


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शहनाज प्रवीण (पति - जफर अंसारी)
मुखिया
खपरो, रंका - गढ़वा


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संतोष कुमार गुप्ता
गोदाम कंप्यूटर ऑपरेटर, झारखंड स्टेट फूड कॉर्पोरेशन
रंका - गढ़वा


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आफताब आलम
जिला उपाध्यक्ष (अल्पसंख्यक) झामुमो सह जिलाध्यक्ष, अंसारी एकता संगठन, गढ़वा (झारखंड)


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शिव पूजन तिवारी
अंचलाधिकारी
रंका - गढ़वा


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रिंकी देवी (पति - राधेश्याम सिंह)
मुखिया
तमगेकला, रंका - गढ़वा


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रणजीत कुमार सोनी
मुखिया
रंकाकला, रंका - गढ़वा


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राहुल तिवारी ( पत्नी संपूर्णा तिवारी, जिपस दक्षिणी रंका)
जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि दक्षिणी रंका
रंका - गढ़वा


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रूद्र प्रताप
अनुमंडल पदाधिकारी
अनुमंडल - रंका - गढ़वा


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
किरण देवी ( पति - रविंद्र पासवान )
मुखिया
बाहाहारा, रंका - गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
JNRC (झारखण्ड सरकार) INC (भारत सरकार) एवं NPU के द्वारा मान्यता प्राप्त
गुरुपद इन्स्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
रंका, गढ़वा
ANM GNM B.Sc. NURSING
गुरुपद टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज
D.El.Ed. D.P.S.E.
नामांकन प्रारम्भ

• SC, ST, OBC, को छात्रवृति की सुविधा
• बस की सुविधा एवं कैंटीन की सुविधा
• Wifi & Medical की सुविधा
• 100 बेड का अस्पताल कैम्पस में
• फ्री हास्टल की सुविधा
Mob. 7004828368, 8789106349
www.gurupadnursing.com | gurupadinstitute@gmail.com
स्थान : +2 हाई स्कूल रंका के नजदीक, रंका गढ़वा (झारखण्ड)
नोट - नर्सिंग कोर्स न्यूनतम शुल्क पर उपलब्ध


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नितेश सिंह सरकार
पूर्व बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष सह वरिष्ठ नेता झामुमो - गढ़वा
(झारखंड)


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
चेतन कुमार सिंह
थाना प्रभारी
रंका - गढ़वा


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विवेक कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह
मुखिया प्रतिनिधि
विश्रामपुर, रंका - गढ़वा

# एक्सपो उत्सव 2025 के ब्रोशर का अनावरण




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेसीआइ रांची ने रविवार 17 अगस्त को बरियातू के 'होटल रमादा बाय विन्धम' में अपने एक्सपो ब्रोशर का अनावरण किया और अपने प्रायोजको को सम्मानित किया। विगत पिछले 27 साल से जेसीआइ रांची एक्सपो उत्सव केवल रांची ही नहीं, बल्कि पूरे झारखंड की एक पहचान बन चुकी है। भारत के पूर्वी क्षेत्र का सबसे बड़ा कंज्यूमर फेस्ट मने जाने वाला यह एक्सपो न की केवल रांची के व्यापार को बढ़ावा देता है, बल्कि हमारे देश के विभिन्न क्षेत्रों से आ. व्यापारियों को आकर्षित करता है।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति दीपक रोशन, न्यायाधीश, झारखंड उच्च न्यायालय, झारखंड रहे. उनके द्वारा जेसीआइ रांची की प्रशंसा करते हुए कहा गया कि जेसीआइ रांची व्यापार और खेल जगत में युवाओं के लिए मार्गदर्शन का काम कर रहा है। उन्होंने अध्यक्ष प्रतीक जैन और एक्सपो उत्सव 2025 के मुख्य संचालक सिद्धार्थ जयसवाल को बधाई दी। एक्सपो उत्सव 2025 के मुख्य संचालक सिद्धार्थ जयसवाल ने एक्सपो ब्रोशर के अनावरण के साथ सभी व्यापार जगत के लोगों को इस आयोजन में शामिल होने का आमंत्रण दिया। इस कार्यक्रम का सकुशल संचालन जेसी तपिश केडिया व केशव बजाज ने किया। कार्यक्रम में सचिव सन्नी केडिया, विक्रम चौधरी, अभिषेक जैन, दीपक पटेल, सौरभ नरेडी, तरुण अग्रवाल, आदित्य जालान, सिद्धार्थ जैन, नवीन अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, मोहित वर्मा, विनय मंत्री, अभिनव मंत्री, सौरभ साबू, पंकज साबू, मयंक चौधरी, शुभम साबू, निशांत मोदी, रवि समोटा, अमन पोद्दार एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# काशवी आइएएस में सफल अभ्यर्थी सम्मानित किये गये



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** काशवी आइएएस द्वारा आज शनिवार को रांची विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के ऑडिटोरियम में, 11वां -13वां जेपीएससी के सफल अभ्यर्थी और साक्षात्कार पैनल के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक शशि प्रकाश झा उपस्थित थे।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक नीरज कुमार दास ने मुख्य अतिथि को शाल और बुके देकर सम्मानित किया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक शशि प्रकाश झा और संस्थान के निदेशक नीरज कुमार दास ने सभी सफल अभ्यर्थी को सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

संस्थान के 17 अभ्यर्थियों ने सिविल सेवा में अपना परचम लहराया। इनमें से 3 डीएसपी, 11 डिप्टी कलेक्टर, और 3 अभ्यर्थी झारखंड वित्त सेवा के लिए चयनित हुए। इस अवसर पर पत्रकारिता विभाग के ऑडिटोरियम कैंपस में कल्पतरु पौधरोपण किया गया, जिसमें कल्पतरु के नाम से विख्यात निखिल मेहुल भी उपस्थित थे।

# श्रीराधा-कृष्ण प्रणामी मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी में उमड़े श्रद्धालु

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में पहली बार श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव को अत्यंत भव्यता एवं आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य मंदिर में श्री राधा-कृष्ण का अलौकिक श्रृंगार दर्शनीय था-मोर पंख, पीतांबर, रत्न जड़ित आभूषणों से सजे ठाकुरजी की छवि ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। दिन भर में सबसे प्रमुख आकर्षण झूलन उत्सव रहा। श्री राधा-कृष्ण को फूलों से सुसज्जित झूले पर झुलाया गया, जिसमें भक्तों ने आनंदपूर्वक भाग लिया। रात्रि में आयोजित भजन जागरण ने वातावरण को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। स्थानीय और बाहर से आये भजन कलाकारों ने श्याम तेरी बंसी पुकारे राधा नाम, राधे राधे जपो चले आयेंगे बिहारी जैसे मधुर भजनों से श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया। रात्रि 12 बजे श्री कृष्ण जी का जन्मोत्सव मना। लड्डू गोपाल को झूले में झुलाया गया, पुजारी अरविंद पांडे ने पूरे विधि विधान मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की। महोत्सव के दौरान श्री ठाकुरजी को 56 प्रकार के व्यंजन अर्पित किये गये। दर्शन के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की उत्तम व्यवस्था थी।

श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि श्री राधा-कृष्ण की प्रेममयी लीलाओं की झलक, भक्तों की अटूट श्रद्धा और मंदिर की दिव्यता ने इस पर्व को एक अविस्मरणीय आध्यात्मिक अनुभव बना दिया। इस अवसर पर डूंगरमल अग्रवाल, विजय अग्रवाल, निर्मल छावनिका, निर्मल जालान राजेंद्र अग्रवाल, मनोज चौधरी, संजय सर्राफ, मनीष जालान, पूरणमल अग्रवाल, शिव भगवान अग्रवाल,नवल अग्रवाल, विशाल जालान, नंदकिशोर चौधरी, मधु जाजोदिया, अनुप अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, अमन अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, श्रेष्ठ अग्रवाल, पवन पोद्दार, विद्या देवी अग्रवाल, उर्मिला पाड़िया, प्रमिला पुरोहित, कविता गाडोदिया, सुनिता अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, संतोष देवी अग्रवाल, निकिता अग्रवाल आदि मौजूद थीं।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी उत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में जन्माष्टमी का उत्सव बड़े उत्साह और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। नर्सरी, केजी-1 और केजी-2 के छात्र-छात्राएं नन्हे राधा-कृष्ण के रूप में सजकर आये और कार्यक्रम में रंग भर दिया।

उन्होंने अपने शिक्षकों के साथ डांडिया नृत्य में भी भाग लिया। उनकी पारंपरिक वेशभूषा और मासूम मुस्कान ने उत्सवी माहौल बना दिया।

पहली कक्षा के बच्चों ने कृष्ण का संदेश देते हुए भक्ति नृत्य प्रस्तुत किया। पांचवीं कक्षा के छात्रों ने रचनात्मक बांसुरी बनाने की गतिविधि में भाग लिया, जहां उन्होंने भगवान कृष्ण के पसंदीदा वाद्य यंत्र के बारे में सीखते हुए अपने कलात्मक कौशल का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर श्री कृष्ण की जीवन गाथा पर आधारित एक झांकी भी सजाई गई, जिसने उत्सव को और अधिक दिव्य बना दिया। यह दिन श्रद्धा, रचनात्मकता और सांस्कृतिक भावना से भरपूर रहा, जिसने उपस्थित सभी लोगों पर अपनी अमिट छाप छोड़ी।

# सिकिदिरी जल विद्युत परियोजना की उपेक्षा से नुकसान : अजय राय

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने राज्य की एकमात्र चालू जल विद्युत परियोजना सिकिदिरी जल विद्युत परियोजना की उपेक्षा को राज्य के लिए आर्थिक आत्महत्या करार देते हुए मुख्यमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री से त्वरित हस्तक्षेप की मांग की है। श्री राय ने कहा कि लगातार भारी वर्षा से डैम लबालब पानी से भरा हुआ है, फिर भी यह परियोजना निष्क्रिय पड़ी है, जिससे अब तक राज्य को लगभग 6000 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। उन्होंने याद दिलाया कि वर्ष 2018 में संयंत्र आंशिक रूप से चालू हुआ था और उत्पादन लागत केवल 0.87 रुपये प्रति यूनिट आयी थी। श्रमिक संघ ने कहा कि लबालब पानी भरे डैम के बावजूद सिकिदिरी परियोजना को ठप रखना सिर्फ आर्थिक नुकसान नहीं, बल्कि झारखंड की ऊर्जा आत्मनिर्भरता और जनता के विश्वास पर कुठाराघात है।







































# भारत की विकास यात्रा

भारत ने अपना 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। 1947 से लेकर अब तक - ये 78 बरस उपनिवेश की परछाईं से निकल कर दुनिया में एक अलग हैसियत हासिल करने के सफर की कहानी कहते हैं। एक वक्त जिस देश के बारे में यह भविष्यवाणी की गयी थी कि इसका ढहना तय है, वह आज ग्लोबल जियो और इकॉनमिक पॉलिटिक्स का एक प्रमुख केंद्र बन चुका है - और अभी तो यह सफर बस शुरू ही हुआ है।

**आर्थिक उदारीकरण :** इन बरसों को कई अहम पड़ावों में बांटा जा सकता है - पहला चुनाव, बैंकों का राष्ट्रीयकरण, उदारीकरण, पोखरण। हर एक पड़ाव महत्वपूर्ण है और इसने देश को वर्तमान आकार देने में मदद की। लेकिन, प्रभाव के नजरिये से देखा जाये, तो 1990 का दशक बदलाव का सबसे बड़ा वाहक था, जब भारत ने आर्थिक उदारीकरण को अपनाया और तय किया कि इस दुनिया में उसे किस रास्ते पर चलना है।

**तरक्की की रफ्तार :** भारत के बाजार को खोलने का वह फैसला लिया गया, क्योंकि ऐसी मजबूरी खड़ी हो गयी थी। तब देश के पास आयात के लिए विदेशी मुद्रा नहीं बची थी और आज फॉरेन करंसी रिजर्व के मामले में भारत टॉप 4 में है। आजादी के समय 2.7 लाख करोड़ रुपये वाली जीडीपी अब चार ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बन चुकी है। जिस विशाल आबादी को बोझ समझा जा रहा था, उसी की बदौलत तरक्की की ऐसी रफ्तार मिली, जो कोरोना महामारी और युद्धों के बीच भी थमी नहीं।

> भारत की विकास यात्रा की कहानी आंकड़े बताते हैं - 6.5% की विकास दर, ग्लोबल जीडीपी ग्रोथ में लगभग 17% का योगदान। देश धीरे-धीरे आयात से आत्मनिर्भरता और निर्यात की ओर बढ़ रहा है।

**आत्मनिर्भर भारत :** भारत की विकास यात्रा की कहानी आंकड़े बताते हैं - 6.5% की विकास दर, ग्लोबल जीडीपी ग्रोथ में लगभग 17% का योगदान। देश धीरे-धीरे आयात से आत्मनिर्भरता और निर्यात की ओर बढ़ रहा है। पिछले एक दशक में एक्सपोर्ट में 76% की वृद्धि हुई है, जबकि सर्विस एक्सपोर्ट करीब दोगुना हो गया है। इंजीनियरिंग के सामानों, इलेक्ट्रॉनिक्स, दवाओं या खाने-पीने तक ही नहीं - दूसरे देश अब हथियार भी खरीद रहे हैं भारत से। पिछले वित्तीय वर्ष में भारत ने 80 देशों को 2.76 बिलियन डॉलर के हथियार बेचे हैं। ऑपरेशन सिंदूर ने भारतीय हथियारों की ताकत दिखायी है और इससे भी एक बड़ा बदलाव आने की उम्मीद है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**विभाजन की विभीषिका का पहला खुला अध्याय था डायरेक्ट एक्शन डे यानी 16 अगस्त 1946। मुस्लिम लीग के आह्वान पर कलकत्ता की सड़कों पर पाकिस्तान के समर्थन में भीड़ उतरी, लेकिन यह भीड़ जल्द ही हत्यारी हुजूम में बदल गयी। मस्जिदों से नारे गूंजे ला इलाहा इल्लल्लाह... हिंदुस्तान हमारा है। तीन दिन तक शहर जलता रहा। 4,000 से अधिक हिन्दू-सिख मारे गए, हजारों घायल हुए और बीस हजार से अधिक घर-दुकानें लूटकर राख में बदल दी गयीं।**

# सन 1947 का विभाजन विभीषिका दिवस

**प्रणय विक्रम सिंह**



सन 1947 आजादी की पहली किरण के साथ ही आकाश में आग का धुआं घुल गया, हवाओं में लहू की दुर्गंध भर गयी और तिरंगे की परछाई के नीचे लपटों का लाल समंदर उमड़ पड़ा। गलियों में पड़े थे कटी देहों के ढेर, घरों में जलती चिताएं और हवाओं में गूंज रही थीं माताओं-बहनों की चीखें। जो हर दीवार से टकराकर लौट रही थीं। यह कोई अनियंत्रित दंगा नहीं था, यह वर्षों से पाला-पोसा गया सुनियोजित नरसंहार था। जहां पाकिस्तान के नारे ने पापिस्तान का नक्शा खींचा और लाखों निर्दोष हिंदू-सिखों को मौत, निर्वासन और मजहबी गुलामी की खाई में धकेल दिया। भारत केवल भूगोल में नहीं, भावनाओं में भी फाड़ा गया। यह केवल राजनीतिक परिमाप का विभाजन नहीं था, यह इस्लामी मजहबी कट्टरता के तांडव से लहूलुहान आत्माओं का सामूहिक विस्थापन था। पाक की कल्पना ने पाप की पराकाष्ठा रची।

**मजहबी उन्माद-मानवता का मरण :** मोहम्मद अली जिन्ना का दो-राष्ट्र सिद्धांत केवल राजनीतिक चाल नहीं, बल्कि रक्त से सरहद खींचने की खुली घोषणा थी। ब्रिटिश साम्राज्यवाद की ह्यडालो और राज करो नीति ने इस बीज को खाद दी और मुस्लिम लीग ने इसे नफरत के नागफनी वृक्ष में बदल दिया। इस वृक्ष की शाखाओं पर लटकी थीं असंख्य लाशें, इसकी जड़ों में बहा था निदोर्षों का रक्त और इसकी छांव में पनप रहा था क्रूरता का काला साम्राज्य। जहां हत्या, लूट, बलात्कार और जबरन धर्मांतरण मजहबी फतवों के नाम पर वैध कर दिये गये। कत्लेआम के काफिलों में कतार दर कतार काफिर माने गए कंधों पर अर्थियां उठीं। मिनारों से मजमे में मौत के मुनादी मचाई गई। हजारों गांव रातों-रात खामोश हो गए। डायरेक्ट एक्शन डे (16 अगस्त 1946) से शुरू हुई हिंसा 1947 में अपने चरम पर पहुंची। कलकत्ता, नोआखाली, रावलपिंडी, लाहौर, मुल्तान हर जगह हिन्दू-सिखों के रक्त से नदियां लाल हुईं।

> विभाजन की विभीषिका 1947 में केवल एक बार फटी बारूद नहीं थी, बल्कि यह एक ऐसा धधकता अंगार था, जो दशकों से जलता रहा।

**डायरेक्ट एक्शन डेः दहशत का दानव :** विभाजन की विभीषिका का पहला खुला अध्याय था डायरेक्ट एक्शन डे यानी 16 अगस्त 1946। मुस्लिम लीग के आह्वान पर कलकत्ता की सड़कों पर पाकिस्तान के समर्थन में भीड़ उतरी, लेकिन यह भीड़ जल्द ही हत्यारी हुजूम में बदल गयी। मस्जिदों से नारे गूंजे ला इलाहा इल्लल्लाह... हिंदुस्तान हमारा है। तीन दिन तक शहर जलता रहा। 4,000 से अधिक हिन्दू-सिख मारे गए, हजारों घायल हुए और बीस हजार से अधिक घर-दुकानें लूटकर राख में बदल दी गयीं। प्रत्यक्षदर्शी गुरुदास मुखर्जी ने लिखा है कि सुबह होते-होते हर तिलकधारी चेहरा भय का पर्याय बन चुका था। औरतें खींच ली गयीं, बच्चों की लाशें नालियों में बह रही थीं, और लूट के बाद आग का समुंदर सब कुछ निगल रहा था।

**नोआखालीः अस्मिता पर अमानवीय आघात :** अक्टूबर 1946 में पूर्वी बंगाल का नोआखाली जिला मुस्लिम उन्माद का अगला रणक्षेत्र बना। गांवों को चारों ओर से घेरकर जलाया गया, मंदिरों के कलश तोड़े गये, मूर्तियों को लहूलुहान किया गया और महिलाओं को आंगन से खींचकर धर्मांतरण की अंधेरी कोठरियों में धकेला गया। पांच हजार से अधिक हिंदू मारे गए, सैकड़ों महिलाओं का अपहरण हुआ और न जाने कितनों को कलमा पढ़ने के लिए मजबूर किया गया। कृष्णकांति भट्टाचार्य ने कहा कि ह्यउन्होंने हमें एक कमरे में बंद किया, बाहर से कलमा पढ़ने को कहा। हमारी बहनें खींच ली गयीं, उनके कपड़े फाड़ दिये गये और जो विरोध में चीखी, उसे चाकू से गोद कर फेंक दिया। गांधी जी वहां पहुंचे, किंतु कट्टरता का जहर इतना गहरा था कि गांव की आत्मा कभी लौट नहीं सकी।

**रावलपिंडीः रक्त और राख का रणक्षेत्र :** मार्च 1947 में पंजाब का रावलपिंडी जिला इस्लामी निर्दयता की अग्निपरीक्षा में झोंक दिया गया। सिख बस्तियों को घेरकर आग के हवाले कर दिया गया, गुरुद्वारों की पवित्रता को अपवित्र कर जला दिया गया और गुरु ग्रंथ साहिब की प्रतियां राख में बदल दी गईं। माताएं अपनी बेटियों के साथ कुओं में कूद कर प्राण दे रही थीं, क्योंकि वे जानती थीं कि अगला क्षण उनकी अस्मिता के चीरहरण का होगा। कप्तान अमर सिंह की डायरी में दर्ज है कि गांव की गलियों में सिर्फ लाशें और लपटें थीं। चारों ओर जलते घर, रोते बच्चे, और बेदम पड़ी माताएं... हवाओं में धुएं के साथ चीखें तैर रही थीं।

**स्त्री-गरिमा पर सबसे वीभत्स प्रहार :** विभाजन के इतिहास का सबसे क्रूर अध्याय था स्त्री-अस्मिता का संहार। पचहत्तर हजार से अधिक हिंदू-सिख महिलाओं को अपहत किया गया, बलात्कार और जबरन धर्मांतरण के बाद निकाह के नाम पर यौन दासता में धकेला गया... सिंदूर से सजी सुहागिनें सिसकियों में सिमट गईं। अस्मिता के आंगन से आंसुओं के अंधेरे में उतर गयीं। अमृतसर शिविर की सुधा कौर की आवाज उस युग की चीख है। वे कहती हैं कि हमने बहनों को पुकारते सुना कि हमें मार दो, पर हमें मत ले जाओ। कई ने अपने ही हाथों प्राण त्याग दिए, पर कलमा पढ़ने से इनकार किया।

**सांस्कृतिक धरोहर का विनाश :** सिंध और पंजाब में उन्मादियों ने केवल लोगों को नहीं मारा, बल्कि उनकी पहचान, उनकी पूजा और उनके प्रतीकों को भी मिटा दिया। मंदिरों को मस्जिदों और मदरसों में बदल दिया गया, घंटियों की जगह लाउडस्पीकर गूंजने लगे, आरती के स्थान पर अजान का स्वर गूंजा। यह केवल भूमि का कब्जा नहीं था, यह पीढ़ियों की स्मृति पर प्रहार था ताकि आने वाला समय अपनी जड़ों से अनजान हो जाये।

**आज की प्रासंगिकताः विभाजन का विस्तार :** विभाजन की विभीषिका 1947 में केवल एक बार फटी बारूद नहीं थी, बल्कि यह एक ऐसा धधकता अंगार था, जो दशकों से जलता रहा। कलकत्ता के डायरेक्ट एक्शन डे में बहा रक्त, नोआखाली की जली हुई बस्तियां, रावलपिंडी की राख में दबी लाशें... इन घावों से रिसता जहर समय के साथ कश्मीर की बर्फीली घाटियों में उतरा, जहां 1990 की सर्द रातों में कश्मीरी पंडितों के घरों पर रालिव, चालिव या गालिव के नारे गूंजे, और तीन लाख से अधिक हिंदू अपने ही वतन से बेघर कर दिए गए। यही जहर पश्चिम बंगाल के चुनावोत्तर दंगों में बहनों के चीरहरण और घरों की लपटों में दिखा, असम के गांवों में हिंसक टकराव में फूटा और गुजरात के गोधरा स्टेशन पर जिंदा जलाये गये 59 तीर्थयात्रियों की चीखों में सुनायी दिया। यही विभाजन की लपटें 26/11 के मुंबई हमलों में समुद्र पार से आयीं, वाराणसी और दिल्ली के धमाकों में गूंजीं, और आज भी कश्मीर के स्कूलों में पढ़ाने वाले गैर-मुस्लिम शिक्षकों के खून में लाल हो रही हैं। कश्मीर से कोलकाता तक, कैराना से कराची तक, कट्टरता का यह काफिला कभी थमा नहीं। मंदिरों की घंटियों से लेकर आरती की थालियों तक, हर स्वर को दबाने का प्रयास उसी मानसिकता का विस्तार है जिसने 1947 में सीमाएं खींचीं और सभ्यता को चीर डाला। विभाजन का इतिहास हमें यह चेतावनी देता है कि यह कोई समाप्त हुआ अध्याय नहीं, बल्कि एक सतत युद्ध है, जहां दुश्मन केवल सीमाओं के पार नहीं, बल्कि विचारों और समाज के भीतर भी मौजूद है।

**विभाजन विभीषिका दिवसः स्मरण से संकल्प तक :** 14 अगस्त का दिन केवल स्मृति नहीं, बल्कि संकल्प का दिन है। संकल्प कि इस्लामी कट्टरता का पुनरुत्थान इस धरती पर फिर कभी नहीं होने देंगे। संकल्प कि 1947 के रक्तपात की पुनरावृत्ति रोकने के लिए हम सत्य को नाम लेकर बोलेंगे। संकल्प कि भारत की अस्मिता की रक्षा केवल सरहदों पर नहीं, बल्कि स्मृतियों और संस्कारों में भी करेंगे।

**सजगता का शपथ-पत्र :** विभाजन की विभीषिका हमें यह सिखाती है कि जब मजहबी उन्माद सत्ता का साथी बनता है,तो वह केवल सीमाएं नहीं, सभ्यताएं भी तोड़ देता है। इसलिए आज, इस स्मृति-दिवस पर, हमें यह शपथ लेनी होगी कि भारत की धरती पर फिर कभी न उठे ऐसा तांडव, जो तिरंगे को खून में डुबो दे। कट्टरता का विस्तार तब रुकता है जब राष्ट्र अपनी अस्मिता और अखंडता के प्रति अडिग और अडोल रहे। सजगता, सत्य और साहस यही वे शस्त्र हैं, जिनसे हम आने वाले समय के किसी भी कट्टरता के किले को भेद सकते हैं।

## झारखंड की खबरें

### पशु प्रेमियों ने बिस्टुपुर पोस्टल पार्क में पोस्टर-बैनर और पालतू कुत्तों के साथ किया प्रदर्शन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** लौहनगरी जमशेदपुर के बिस्टुपुर स्थित पोस्टल पार्क में रविवार को शहर के डॉग प्रेमियों ने बैनर-पोस्टर और अपने पालतू कुत्तों के साथ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश में बदलाव की मांग की।डॉग प्रेमी अनीज पटेल ने बताया अदालत ने याचिका पर संज्ञान लिए बिना ही आदेश जारी कर दिया है सड़कों से डॉग्स को हटा दिया जाए। लेकिन, इसके लिए अब तक किसी प्रकार का शेल्टर होम उपलब्ध नहीं कराया गया है।न ही उनके दैनिक जीवन जीने के लिए कोई भोजन की व्यवस्था की जारी है। उन्होंने कहा देश में करोड़ों की संख्या में डॉग्स मौजूद हैं, ऐसे में सरकार को इनके लिए वैक्सीन की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध करानी चाहिए ताकि उनकी जनसंख्या पर नियंत्रण हो सके। प्रदर्शन के दौरान प्रतिभागियों ने अपने-अपने पालतू कुत्तों के साथ बेनर और पोस्टर लेकर सरकार से अपील की सुप्रीम कोर्ट के आदेश में बदलाव किया जाए तथा डॉग्स के संरक्षण और देखभाल के लिए ठोस व्यवस्था बनायी जाये।

### रक्तदान शिविर का आयोजन कल

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर 19 अगस्त 2025, दिन मंगलवार को गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन (दावत-ए-इस्लामी इंडिया) के सौजन्य से एक बृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर अंजुमन इस्लामिया अस्पताल, इदगाह रोड, लोहरदगा में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। आयोजन समिति ने जिलेवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान करें और इस मानवसेवा कार्य को सफल बनायें। उक्त जानकारी मो मुंसफ कुरैशी, मो सलमान अंसारी, हाजी शमशेर कुरैशी ने दी।

### सच्चाई का साथ देने के लिए भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन के सारथी बने : महाबीर मुर्मू



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में जमशेदपुर यादव समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा एग्रिको ट्रांस्पोट मैदान से प्रारंभ होकर साकची आम बगान में संपन्न हुई। इस दौरान साकची गुरुद्वारा के समीप यादव समाज की ओर से झामुमो नेता महाबीर मुर्मू, गोल्डी तिवारी और आनंद श्रीवास्तव को अंगवस्त्र व भगवान श्रीकृष्ण-राधा के चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया।मौके पर महाबीर मुर्मू ने कहा द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म अत्याचार और भ्रष्टाचार के अंत हेतु हुआ था। उन्होंने कंस वध, गोकुल की बाल लीलाओं और महाभारत युद्ध में अर्जुन के सारथी बनकर यह संदेश दिया सच्चाई की ही सदैव विजय होती है। इस अवसर पर सागर राय, प्रताप कुमार यादव, करण कालिंदी, अभय पांडे, अशोक यादव, शशि यादव, विजय यादव, कृष्णा यादव, मुकेश यादव, मृत्युंजय यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु व समाज के लोग उपस्थित रहे।

### कृष्णा महतो हत्याकांड के तीन आरोपी गिरफ्तार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** एसएसपी के निर्देश पर बिरसानगर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने कृष्णा महतो हत्या कांड खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों में राजेश महतो, मुकेश मुर्मू और आसिफ अंसारी शामिल है।पुलिस के अनुसार बिरसानगर जोन नंबर 11 के रहने वाले प्रकाश महतो ने 15 अगस्त को लिखित शिकायत की उसके छोटे भाई 31 वर्षीय कृष्णा महतो का अपहरण कर हत्या की नीयत से साजिश रची गयी है। इस मामले में उन्होंने राजेश महतो और मुकेश मुर्मू के खिलाफ बिरसानगर थाना में मामला दर्ज किया। जांच के दौरान 16 अगस्त को कृष्णा महतो का शव जादूगोड़ा थाना क्षेत्र के चतरो गांव स्थित स्वर्णरेखा नदी से बरामद किया गया। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर राजेश महतो और मुकेश मुर्मू को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया उन्होंने अपने साथी आसिफ अंसारी की मदद से कृष्णा महतो के हाथ-पांव और मुंह बांधकर बिरसानगर के लुपुंगडीह पुल से नीचे नदी में फेंक दिया था। फिलहाल पुलिस तीनो आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### खड़ंगाझाड़ राधाकृष्ण मंदिर में धूमधाम से मनी जन्माष्टमी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** टेल्को राधिकानगर स्थित राधाकृष्ण मंदिर में जन्माष्टमी धार्मिक उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। ब्रह्ममुहुर्त में वैदिक मंत्रोच्चार और शास्त्रीय रीति-नीति से पूजन-अर्चन की शुरूआत हुई। आचार्य पंडित शक्तिधर त्रिपाठी और मंदिर के पुजारी अखिलेश पांडेय के आचार्यत्व में भगवान श्रीकृष्ण व माता राधा का पंचामृत स्नान, अभिषेक और सोलह श्रृंगार संपन्न हुआ। मौके पर हजारीबाग के पूर्व सांसद और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ यदुनाथ पांडेय ने भगवान श्रीकृष्ण से सुख, समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना की।

**मंत्री रामदास सोरेन को दी गयी श्रद्धांजलिः** जन्माष्टमी समिति ने मंदिर के संस्थापक सदस्य व झारखंड के शिक्षा मंत्री रहे स्वर्गीय रामदास सोरेन को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व पुलिस उपाधीक्षक कमल किशोर, झारखंड बार काउंसिल के उपाध्यक्ष सह वरीय अधिवक्ता राजेश शुक्ला, थाना प्रभारी प्रशांत कुमार और भाजपा प्रवक्ता सह समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सभी अतिथियों ने मंत्री रामदास सोरेन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### चोरी की आठ बाइक के साथ तीन गिरफ्तार




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** जिले में वाहन चोरी की घटना पर अंकुश लगाने व संगठित वाहन चोर गिरोह पर नकेल कसने को लेकर पुलिस की ओर से चलाए जा रहे विशेष अभियान का असर दिखने लगा है। एसपी हरविंदर सिंह को मिली गुप्त सूचना के बाद दिए निर्देश के आलोक में बेरमो एसडीपीओ ने विशेष टीम का गठन किया। गत 16 अगस्त को वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने रटारी के महावीर चौक के पास दो संदिग्ध बाइक सवारों को धर दबोचा। पूछताछ के दौरान इनलोगों ने बताया कि उनकी बाइक चोरी की है, जिसे बेचने वे धनबाद ले जा रहे हैं। कड़ाई से पूछताछ में पुलिस को बोकारो से लेकर धनबाद तक फैले संगठित वाहन चोर गिरोह के बारे में जानकारी मिली। जिसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर चंद्रपुरा, दुग्धा,एवं धनबाद जिला से चोरी के अन्य 7 मोटरसाइकिल बरामद करते हुए कुल 8 मोटरसाइकिल जब्त किया है। इस बाबत एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि चोरी के इन मोटरसाइकिलों के साथ तीन आरोपियों को गिरफ़्तार किया गया है। जिसमे चंद्रपुरा निवासी आकाश यादव, दुग्धा निवासी सागर कुमार तुरी एवं बाघमारा निवासी सुमित कुमार शामिल हैं। मामले में दो किशोरों को भी हिरासत में रखा गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आकाश यादव का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। इसके विरुद्ध चंद्रपुरा थाना में पहले से विभिन्न धाराओं में 5 मामले दर्ज हैं। बताते चले कि छापेमारी टीम का नेतृत्व नव प्रोन्नत डीएसपी नवल किशोर सिंह कर रहे थें ।

### बारह सूत्री मांगों के समर्थन में मसीही समाज ने निकाला मौन जुलूस



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** हाल ही में छत्तीसगढ़ के दुर्ग में ईसाइ समुदाय के कुछ लोगों पर कथित तौर पर हुए प्रताड़ना के विरोध व कुल जमा 12 सूत्री मांगों के समर्थन में मसीही समाज की ओर से आहुत मौन जुलूस कार्यक्रम के तहत रविवार को बोकारो में सोसाइटी ऑफ क्रिश्चियन की ओर से मौन जुलूस निकाला गया। जुलूस बिरसा चौक, नया मोड़ से प्रारंभ होकर उपायुक्त कार्यालय तक पहुंचा, जहां 12 सूत्री मांगों के समर्थन में एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमे छत्तीसगढ़ दुर्ग पुलिस प्रशासन द्वारा मसीही समाज के लोगों के उपर दर्जा मुकदमों को तत्काल वापस लेने, ज्योति शर्मा एवं उसके समर्थकों पर एससी/ एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम, 1989 और अन्य कानूनी धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर तत्काल गिरफ्तारी करने, घटना के समय उदासीन एवं गैर-जिम्मेदार रवैया अपनाने वाले रेल विभाग के अधिकारियों पर कार्रवाई करने, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री द्वारा इस अन्यायपूर्ण घटना के लिए संगठनों और व्यक्तियों पर सख्त कानूनी कार्यवाही करने, झारखंड एवं अन्य राज्यों में ईसाई एवं अल्पसंख्यक समुदायों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा हेतु ठोस कदम उठाये जाने समेत अन्य मांगे शामिल हैं। जुलूस में बोकारो के प्रमुख चर्च जैसे कैथोलिक चर्च, सीएनआइ चर्च, जीइएल चर्च, पेंटीकॉस्टल होलीनेस चर्च इत्यादि ने सक्रिय भागीदारी ली।

### बीपीएससी शिक्षकों की सेवा का भव्य रजत जयंती समारोह आयोजित

# शिक्षक समग्र राष्ट्र निर्माण में नींव निर्माता : उपायुक्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लोहरदगा।** शहर के नगर भवन परिसर में रविवार को शिक्षकों की उपलब्धियों और सम्मान से सराबोर रहा। वर्ष 2000 में बीपीएससी से चयनित होकर सरकारी शिक्षक बने शिक्षकों ने अपनी सेवा की 25 वर्ष पूरे होने पर रजत जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया। इस अवसर पर जिले के डीसी डॉ कुमार ताराचंद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और शिक्षकों को सम्मानित किया। समारोह में जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनंदा दास चंद्रमोलेश्वर और जिला शिक्षा अधीक्षक अभिजीत कुमार भी मौजूद रहे। शिक्षकों ने एक-दूसरे के साथ 25 वर्षों की यात्रा के अनुभव साझा किए और अपने गौरवशाली सफर को याद किया। इस दौरान डीसी डॉ ताराचंद ने कहा कि शिक्षकों की भूमिका समाज और राष्ट्र निर्माण में नींव की तरह होती है। उनका समर्पण ही आने वाली पीढ़ी और देश का भविष्य तय करता है। शिक्षक हर कदम पर समाज को नयी दिशा देते हैं। कार्यक्रम में शिक्षकों का उत्साह देखने लायक था। रजत जयंती समारोह ने न सिर्फ 25 वर्षों की सेवा का जश्न मनाया बल्कि आने वाले समय में शिक्षा के प्रति और अधिक समर्पण का संकल्प भी दोहराया। इससे पूरसोर दिशोम गुरु स्व व शिक्षा मंत्री स्व रामदास सोरेन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर अतिथियों ने श्रद्धांजलि दिया। स्वागत भाषण शिक्षक प्रदीप कुमार हिंद व मंच संचालन अरुण दास व रामकुमार झा ने किया। कार्यक्रम में कबीरुद्दीन अंसारी, पंकज सौरभ, दीपक कुजूर, मयंक भूषण, शंकर विद्यार्थी, बबन सिह, नीलपद चक्रवर्ती, जयवीरस लकड़ा, सुजीत कुमार, रामचंद्र उरांव, दिलीप भगत, अरविंद कुमार, विजय झा, राजीव रंजन, रामकुमार वर्मा, सुलेखा कुमारी, अमरेंद्र कुमार, राजीव झा, श्रवण कुमार, अमरेंद्र कुमार, अशोक सिंह, शशि कला तिर्की, आशुतोष कुमार, श्री राम सिंह समेत बड़ी संख्या शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।




# दीपक राय ने श्रद्धांजलि सह संस्कार भोज का किया आयोजन



## ओल्ड एज होम में बुजुर्गों को अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन की याद में झामुमो जिला उपाध्यक्ष दीपक राय ने श्रद्धांजलि सह संस्कार भोज का आयोजन किया। यह आयोजन हजारीबाग शहर के दिपुगढ़ा स्थित ओल्ड एज होम और हुडहुडू स्थित सामाजिक समस्या निवारण और कल्याण संस्थान में किया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरुजी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने से हुई। इसके उपरांत वृद्ध आश्रम में रह रहे बुजुर्गों को अंगवस्त्र दिया और भोजन कराया। उसके बाद फोरेस्ट कालोनी हुड़हुडु स्थित सामाजिक समस्या निवारण एवं कल्याण संस्थान पहुंचे और वहां रह रहे दिव्यांग बच्चों के बीच लंच पैकेट का वितरण किया। दीपक राय ने कहा कि माता-पिता तुल्य बुजुर्गों और बच्चों के बीच समय बिताकर आत्मिक शांति का अनुभव हुआ। उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आज गुरुजी हमारे बीच नहीं हैं, यह अपूरणीय क्षति है। हम सभी झारखंडवासी उनके बताए रास्ते पर चलकर झारखंड के विकास और अधिकार की लड़ाई को आगे बढ़ायेंगे। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि आशीष कुमार मेहता, कृष्ण कुमार सिन्हा, राकेश कुमार सिंह, रामबाबू, कुमार मनोज सिंह, मनीष कुमार सिन्हा, मोहम्मद सलीम, अमर कुमार राय, साहिल अंसारी, संजय कुमार टिंकू आदि उपस्थित थे।

# आपसी विवाद को लेकर मारपीट, तीन घायल



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के झुरझुरी गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। इस मामले को लेकर राजकुमार चौधरी पिता स्व किशुन चौधरी ग्राम झुरझुरी निवासी ने थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी। दर्ज प्राथमिकी में लिखा कि मैं अपने मोटर पार्ट्स दुकान में बैठा हुआ था उसी समय सकलैन अंसारी पिता गुलाम मुस्तफा ग्राम घंघरी निवासी मेरे कार वाशिंग सेंटर में मोटरसाइकिल वाश कराने आया। मेरे भतीजा अनुज कुमार से फ्री में मोटरसाइकिल वाश करने को कहा। जहां दोनों में कहासुनी हो गयी। इसी दौरान तौफीक अंसारी पिता रफीक अंसारी, अफरोज अंसारी पिता कासीम मियां, वसीम अंसारी पिता स्व मंजूर मियां सभी ग्राम घंघरी निवासी पहुंचे और हमलोगों के साथ मारपीट करने लगे। हो हल्का होने पर लोगों के इक्ट्ठा होते देख सभी लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। प्राथमिकी दर्ज कर बरकट्ठा पुलिस मामले की छानबीन करते हुए आरोपियों को खोज रही है। समाचार लिखे जाने तक किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है। इस मामले का केस नम्बर 95/25 है।

# फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** गीतांजलि युवा क्लब कुरहा के द्वारा फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन बोधि बागी मैदान में किया गया। टूर्नामेंट में कुल 30 टीमें भाग ली। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता ने शिरकत की और सभी 30 टीमों को जर्सी दिया। उसके बाद किक मारकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। उद्घाटन मैच बरही और अशिया की टीमों के बीच हुई। इस अवसर पर जदयू नेता अर्जुन मेहता, पंसस केदार मेहता, ओमप्रकाश मेहता, डेग नारायण प्रसाद मेहता, रामा मेहता, गोविंद मेहता, शशि कुमार मेहता, आशुतोष मेहता, मधुसूदन मेहता सहित कई समाजसेवी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता ने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ती है, बल्कि सामुदायिक एकता और सौहार्द का भी संदेश जाता है।





































































# कारी झरना चट्टानधाम में धूमधाम से मनाया गया कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव

**2002 ईस्वी से कारी झरना चट्टानधाम में किया जा रहा है वृक्षाबंधन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**टाटीझरिया।** प्रखंड क्षेत्र में भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। वहीं झरपो पंचायत स्थित कारी झरना चट्टानधाम में भगवान विष्णु के पद चिन्ह हरअवतार का दर्शन करने भक्त दूर-दूर से आते है और प्रत्येक वर्ष कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव पर पूजा अर्चना कर वृक्षाबंधन किया जाता है। वन प्रेमी सन 2002 ईस्वी से पेड़ो को लाल कपड़ा वृक्षाबंधन कर पेड़ बचाने का संकल्प लेते है। इस वन में सखुआ पेड़ की संख्या अधिक है इस धाम के चारोतरफ हरियाली और जंगलों से घिरा हुआ है यहां झरना से पानी वर्षो भर गिरते रहता है, जो मनमोहक श्रद्धालुओं को अपने और आकृषित करता है जगह-जगह मटका फोड़ का आयोजन भी किया जाता है। झरपो मुखिया सह 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी, दयाल प्रदाद, सुरेश मिश्रा, सुरेंद्र राणा, अनुज कुमार, राजेश प्रसाद, राजू साव, सीताराम साव सहित सैकड़ों वन प्रेमी ने रक्षाबंधन 2002 ईस्वी से कारी झरना चट्टानधाम में किया जा रहा है वृक्षाबंधन मनाया। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत झरपो, भराजो, खंभवा कोल्हू, धर्मपुर टाटीझरिया, डहरभंगा सहित अन्य गांवों में कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम के साथ मनाया गया। भक्त गण लड्डू गोपाल की पूजा-अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की।

## कान्हा के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु, झुमरीतिलैया हुआ कृष्णमय

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व अभ्रक नगरी पूरी तरह से भक्ति और उल्लास में सराबोर हो गयी। देर शाम से ही मंदिरों और घरों में जन्मोत्सव की तैयारियाँ शुरू हो गयी थीं। महंगाई के बावजूद फूलों की झालरें, रंग-बिरंगे गुब्बारे और कृत्रिम सजावट श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनीं। राधा-कृष्ण की वेशभूषा में सजे नन्हे-मुन्ने देर रात तक श्रद्धालुओं का मन मोहते रहे। जैसे ही घड़ी में रात के बारह बजे, पूरा नगर ़नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की़....ह के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने पालने में नन्हे कान्हा को झुलाकर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। शहर कृष्णमय हो उठा।













































## मां अंबे दुर्गा पूजा समिति की बैठक संपन्न



**बड़कागांव(आजाद सिपाही)।** आगामी दुर्गा पूजा को देखते हुए मां अंबे दुर्गा पूजा समिति बाजारटांड़ गुरुचट्टी में पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से मनाने को लेकर बैठक आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बिगल किशोर महतो और संचालन डॉक्टर धनेश्वर प्रसाद ने किया। बैठक में मुख्य रूप से पुराने वर्ष का आय व्यय का विवरण दिया गया। साथ ही साथ इस वर्ष भव्य रूप से दुर्गा पूजा मनाने को लेकर चर्चा किया गया और नये पदाधिकारी का चयन किया गया। जिसमें सर्व समिति से अध्यक्ष बिंदेश्वर उर्फ बिंदु दांगी, सचिव पिंटू गुप्ता उर्फ खिरेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष हुलास प्रसाद दांगी उर्फ विष्णु दयाल संस्थापक दामोदर प्रसाद मेहता, संयोजक बसंत नारायण तिवारी, उप संयोजक अशोक सिंह, संरक्षक राजधानी महतो, जयशंकर मेहता, झमन प्रसाद, कैलाश महतो, दर्शन प्रसाद कुशवाहा, उपाध्यक्ष टुकन कुमार, रंजीत यादव, अभिषेक कुमार सिंह, उपसचिव संजय कुमार, अवध किशोर, उपकोषाध्यक्ष सरोज कुमार, यदु प्रसाद दांगी, मनोरंजन मंत्री डॉ धनेश्वर प्रसाद, संतोष कुमार, देवनाथ कुमार, पूजा प्रभारी प्रेमलाल महतो, जयनंदन महतो, इंद्रनाथ महतो, मीडिया प्रभारी पिंटू कुशवाहा दिनकर, अग्रसेन गिरी, शिव शंकर कुमार, संजय सागर, दीपक सिन्हा, नरेश कुमार, रितेश ठाकुर, वीरेंद्र कुमार, विक्की कुमार, सदानंद शर्मा, विकास रंजन, अमित कुमार, ईश्वर कुमार, रंजीत कुमार, राजकिशोर सोनी, शमशेर आलम सफाई मंत्री शत्रु महतो, सुंदर महतो, संगठन मंत्री विनोद दांगी, नारायण महतो, विशेश्वर महतो, मुख्य पुजारी बिगल किशोर महतो, पुजारी कन्हाई महतो, अरविंद कुमार, प्रेम महतो, राकेश कुमार, माधव महतो, प्रसाद प्रभारी नरेश कुमार, सुनील कुमार, किशोर कुमार, योजना प्रभारी सोहन महतो, रामचंद्र गुप्ता, सतनारायण महतो, धर्मनाथ महतो, देवनाथ महतो, डेकोरेशन मंत्री अनिल प्रसाद दांगी, नागेश्वर महतो पेयजल मंत्री टिकेश्वर महतो, बोधन महतो, रोहित कुमार, सोहन भगत लाइट मंत्री मंटू कुमार, अंकुश कुमार साउंड मंत्री सत्यजीत विद्यालंकर उर्फ मंटू सहित अन्य का चयन किया गया। मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष बिंदेश्वर उर्फ बिंदु दांगी ने कहा कि पिछले वर्ष से भी भव्य 71 फिट का पूजा पंडाल और माता की प्रतिमा बनाई जायेगी। कोलकाता से माता की प्रतिमा बनाने वाले मूर्तिकारों और पंडाल बनाने वाले कारीगरों को बुलाया जा रहा है ताकि इस क्षेत्र की सबसे विशाल पूजा पंडाल का निर्माण हो सके जो आकर्षण का केंद्र रहेगा।

### नंद के घर आनंद भयो ...जय कन्हैया लाल की ...

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर ध्वजाधारी धाम में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कोडरमा।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर जिला मुख्यालय और आस पास के क्षेत्रों में काफी उत्साह देखा गया। जन्माष्टमी को लेकर ध्वजाधारी धाम का आकर्षक विद्युत लाइट से साज सज्जा किया गया था। राधारानी मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया। धाम के मुख्य महंत महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज के नेतृत्व में कान्हा के लिए विशेष पालना तैयार कर आकर्षक रूप से सजाया गया था। जन्माष्टमी को लेकर शनिवार सुबह 9 बजे से 24 घण्टे का अखंड हरिकर्तन का शुभारंभ किया गया जिसमे लगभग 25 गांवों के श्रद्धालु शामिल हुए वहीं रात्रि 9 बजे से धाम के मुख्य महंत के नेतृत्व में जन्माष्टमी महोत्सव की शुरुआत की गई, जो देर रात तक जारी रहा। कार्यक्रम की शुरूआत भजन कीर्तन से हुई जिसके बाद कान्हा के बाल रूप को आकर्षक रूप से सजाया गया। रात्रि 11 बजे से अभिषेक और विशेष पूजन शुरू किया गया और रात्रि 12 बजते ही जन्माष्टमी महोत्सव शुरू हुआ। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान श्रीकृष्ण के बाल रूप को पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ पालना में रखा गया। जहां श्रद्धालु भक्तों ने भगवान का दर्शन कर स्वयं को धन्य माना और बारी बारी से झूला झुलाकर भगवान के प्रति श्रद्धा व्यक्त की गयी। धाम के मुख्य महंत श्री दास से भगवान को दही और माखन का भोग कराया और सम्पूर्ण मानव जाति के सुख शांति और खुशहाली की कामना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जो भक्त सच्चे मन और श्रद्धा के साथ पूजा अर्चना करते हैं, उन्हें भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी का आशीर्वाद प्राप्त होता है। उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है।

## बाबूलाल मरांडी पहुंचे जयनगर, दी श्रद्धांजलि



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जयनगर।** प्रखंड के जयनगर पश्चिमी पंचायत मोदी मोहल्ला निवासी प्रमिला बर्णवाल, शशिकांत प्रसाद बर्णवाल की माता का देहांत हो गया था। झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह विपक्ष के नेता बाबुलाल मरांडी ने आवास पर पहुंचकर मृतक सीता देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर समाजसेवी सुरेन्द्र भाई मोदी, पूर्व प्रमुख जय प्रकाश राम, मनोहर प्रसाद बर्णवाल, सकलदेव सिंह, केदार मोदी, विनय सिंह, रविन्द्र कुमार, अवकाश कुमार, आशीष मोदी सहित दर्जनों लोगों ने श्रद्धांजलि दिया।

## सिसई में दुर्गा पूजा को लेकर समिति का पुनर्गठन

**टंडवा(आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के गांव सिसई में दुर्गापूजा को लेकर रविवार को देवी मंडप के प्रांगण में स्थानीय ग्रामीणों की बैठक आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता छेदी पांडेय ने की। सर्वसम्मति से पिछले साल गठित पूजा समिति को भंग कर पुनर्गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष सुमन भारतीय, सचिव रंजीत रजक, कोषाध्यक्ष संतोष पांडेय व प्रदीप रजक, उपाध्यक्ष सर्वेश पांडेय व संतोष रजक तथा संयोजक विकास पांडेय को चयन किया गया। वहीं आगामी बैठक में समिति का विस्तार किए जाने की बात कही गयी। इस मौके पर ईश्वर दयाल पांडेय, उदय पांडेय, शैलेश कुमार, शिवनाथ रजक, बालेश्वर रजक, परमेश्वर रजक, संजय पांडेय, नरेश महतो समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।












































































## विप्र समाज ने संस्कृत दिवस का किया आयोजन



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विप्र समाज ने विष्णुगढ़ में संस्कृत दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम में भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। समाज के वरिष्ठ जनों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया और मार्गदर्शक हेतु विरेन्द्र उपाध्याय जीवन मिश्रा कालीचरण पांडेय दिनेश्वर पाठक के द्वारा निर्देशन के साथ सभा की शुरुआत की गयी। सभा अध्यक्ष के रूप में मुख्य अतिथि कोडरमा सांसद प्रतिनिधि बगोदर महेश मिश्रा और विप्र समाज के अध्यक्ष रोहिता नंद मिश्र के द्वारा किया गया। सभा का संचालन प्रखंड सचिव जसवंत मिश्रा के द्वारा किया गया। सभा में सम्मानित लोगों ने अपने-अपने विचार वक्तव्य करते हुए को कहा कि संस्कृत से ही संस्कृति और संस्कार का उत्पन्न हुआ है इसलिए संस्कृत भाषा देव भाषा है उसे जीवंत बनाये रखने के लिए विप्र समाज को आगे बढ़ चढ़कर रहना होगा। संस्कृत भाषा सभी भाषाओं की जननी है और सभी धर्म प्रदान करने वाला भाषा है। विप्र समाज ने कहा कि संपूर्ण विश्व में सभी जीवों की रक्षा हेतु मनोकामना किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अमर प्रेम, वीरेंद्र पांडेय, कालीचरण पांडेय, घनश्याम पाठक, सुनील अकेला, विनय पाठक, गणेश पांडेय, सतीश मिश्रा, कृष्णदेव पांडेय, श्रीनिवास मिश्र, आराध्या कुमारी, रवि पाठक, उमेश कुमार मिश्र, रंजीत पांडेय, रोशन लाल पांडेय, जयकुमार पाठक, भीम मिश्रा, श्रीकांत मिश्रा, सागर कुमार मिश्रा, अमर कुमार मिश्रा, दीपक मिश्रा, उज्जवल पांडेय समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे ।

## गणेश महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने का लिया गया निर्णय



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** सूर्य चुंदरु धाम में आयोजित दस दिवसीय गणेश महोत्सव सह मंदिर भूमिपूजन कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता उपाध्यक्ष नंदा थापा, संचालन रंजीत गुप्ता ने किया। बैठक में दस दिवसीय गणेश महोत्सव को सफल बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान लगने वाले मेले व कार्यक्रमो को लेकर अलग अलग प्रभारी की नियुक्ति की गयी, बताया गया कि 27 अगस्त को पूजा को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगें, श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसे लेकर चप्पे-चप्पे पर भोलेंटियर की तैनाती की जायेगी, सभी दिन भंडारा का आयोजन करने का भी निर्णय लिया, मंदिर परिसर में शराब पीकर आनेवाले पर दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी, मंदिर का भूमिपूजन 4 सितंबर को होगा। इस मौके पर अध्यक्ष विकास गुप्ता, सचिव अनिल दास, कोषाध्यक्ष संजीत गुप्ता, प्रेम विकास, जागेश्वर दास, कुलदीप साव, विराज रजक, मिथलेश गुप्ता, प्रो बिगुल प्रसाद सरोज गुप्ता, बलराम गुप्ता, दीपक नायक, अभिषेक गुप्ता, अमलेश दास, रंजीत गुप्ता समेत कई उपस्थित थे।

## बरही पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# कार से 102 किलो डोडा जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरही।** बरही पुलिस ने सफेद रंग की वरना कार से 102 किलो डोडा जब्त किया है। बरही थाना में पत्रकारों को जानकारी देते हुए एसडीपीओ अजीत कुमार विमल और थानाप्रभारी इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक से मिली गुप्त सूचना पर बरही थाना पुलिस एसआइ हरेंद्र कुमार सिंह सशस्त्र बल के साथ बरही चौक पर चेकिंग लगाया। सुबह 10:05 बजे सफेद रंग की वरना कार बरही चौक पर आयी। कार को हाथ देकर रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर कार चालक तेजी से अपनी कार को गया रोड की ओर भगाने लगा। कार का पीछा करने पर कार चालक हरिनगर गली में कार को लॉक कर भाग गया। कार का लॉक खोलने का प्रयास किया गया। लॉक नहीं खुलने पर कार को क्रेन से उठाकर थाना लाया गया। थाना में लॉक को खोलकर जांच किया गया तो कार के अंदर से 7 बोरा डोडा मिला। जिसका वजन 102 किलो पाया गया। छापामारी दल में एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, थानाप्रभारी इंस्पेक्टर विनोद कुमार, एसआई हरेंद्र कुमार सिंह और सशस्त्र पुलिस बल शामिल थे। बरही थाना में कार चालक, अगर मालिक और तस्कर के खिलाफ विभिन्न धाराओं के साथ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## बांकेबिहारी राधारानी किला मंदिर में जन्माष्टमी धूमधाम से मनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** शहर के प्रसिद्ध बांकेबिहारी राधारानी किला मंदिर में शनिवार को जन्माष्टमी पर्व बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। यह पर्व भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के रूप में पूरी भक्ति और उल्लास के साथ मना गया। यहां श्रद्धालु न केवल धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल हुए, बल्कि भक्ति, संस्कृति और परंपरा का अद्भुत संगम भी देखने को मिला। जन्माष्टमी पर मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया। मंदिर प्रांगण में रंग-बिरंगी रोशनियों और फूलों से श्रृंगार किया गया। भगवान श्रीकृष्ण की झांकी आकर्षण का केंद्र बनी रही। किला मंदिर में तो बाल रूप में कृष्ण को झूले में सजाया गया है। शाम छह बजे से लेकर रात एक बजे तक भगवान का दर्शन करने के लिए श्रद्धालु मंदिरों में आते रहे। मध्यरात्रि को, श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। इस दौरान मंदिर में घंटियों की गूंज, शंखध्वनि और भक्तों के जय श्रीकृष्ण के उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु व्रत-उपवास रखकर भगवान के दर्शन किया और प्रसाद ग्रहण किया। किला मंदिर में जन्माष्टमी का पर्व न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक भी है। यहां सभी वर्ग और आयु के लोग एकत्रित होकर श्रद्धा और भक्ति से इस पावन पर्व को मनाया। इस तरह किला मंदिर का जन्माष्टमी उत्सव भक्ति, आनंद और आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया।

## श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर खुशहाली की कामना की

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल भुरकुंडा बासल, सयाल सहित आसपास के क्षेत्रों में शनिवार की रात्रि श्रीकृष्ण जन्मोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया गया। कोयलांचल के भुरकुंडा, जवाहरनगर, सुंदरनगर, पटेलनगर, रीवर साइड, सौंदा डी, सेंट्रल सौंदा, सौंदा बस्ती सहित अन्य क्षेत्रों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया गया।

## श्रीकृष्णा जन्माष्टमी पर नन्हे-मुन्हे बच्चे राधा-रानी और बाल गोपाल के रूप में हुए तैयार, कई जगहों पर भंडारा





**कुजू(आजाद सिपाही)।** कोयलांचल, कुजू और आस-पास के क्षेत्रों में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान मंदिरों व चौक-चौराहों में विधिवत रूप से भगवान श्री कृष्ण जी की पूजार्चना किया गया। साथ ही, 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन का भी आयोजन किया गया। वहीं, रविवार को भव्य भंडारे के साथ कीर्तन का समापन भी हुआ। इधर, क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर, शिव मंदिर, कुजू, मां मनसा मंदिर, दिगवार, पोचरा, सांडी, आरा, करमा, सारूबेड़ा, तोपा समेत कई स्थानों में भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर विधिवत पूजा अर्चना हुआ। वहीं, कई लोगों ने अपने-अपने छोटे बच्चों को राधा रानी व कृष्णा के वेशभूषा में तैयार कर सोशल मीडिया में पोस्ट किया। इधर, टूटीझरना रोड, भरेचनगर स्थित मनमोहन नगर में निमार्णाधीन राधाकृष्ण मंदिर में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी सचिव गया प्रसाद राय उर सदस्यों ने विधिवत पूजार्चना के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया। सचिव गया प्रसाद राय ने बताया कि मंदिर का निर्माण कार्य जारी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरेंद्र यादव, मनोज मिश्रा, नरेश कुमार, विनय प्रताप सिंह, संजय सिंह, प्रकाश तिवारी, उमेश शर्मा, मंजीत सिंह, सुनील सिंह, पंकज कुमार सिंह समेत कई लोग शामिल रहे।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ब्यूटी सिंह
सारंग पंचायत मुखिया
विशुनपुरा-गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रमिला देवी
मुखिया
सदर पंचायत विशुनपुरा
विशुनपरा-गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राबेया फिरदौशी
पंचायत पतिहारी मुखिया
विशुनपुरा-गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राहुल सिंह
थाना प्रभारी
विशुनपुरा - गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुशीला देवी
पिपरीकला पंचायत मुखिया
विशुनपुरा-गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनंत प्रताप देव
विधायक भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र 081
जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश कुमार
प्रखंड विकास पदाधिकारी सह आंचलाधिकारी
विशुनपुरा-गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शंभू राम चंद्रवंशी
जिला परिषद सदस्य
विशुनपुरा-गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ललित नारायण सिंह
पंचायत अमहर खास मुखिया
विशुनपुरा-गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दीपा कुमारी
प्रमुख
विशुनपुरा-गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जगदीश राम
पंचायत सेवक पिपरीकला
विशुनपुरा-गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनिमेष शांतिकारी
थाना प्रभारी
डंडई

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आलोक कुमार
प्राचार्य
मध्य विद्यालय रारो

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कविता देवी
उप प्रमुख
विशुनपुरा-गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ओम प्रकाश गुप्ता
व्यवसायिक संघ अध्यक्ष विशुनपुरा
विशुनपुरा-गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मोहन पासवान
जिला परिषद सदस्य
डंडई

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अमिताभ कुमार
प्रभारी प्राचार्य
उत्क्रमित प्लस टू विद्यालय लवाहीकलां

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जितेन्द्र ठाकुर
मुखिया प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत रारो
(डंडई)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
देवलाल करमाली
प्रखंड विकास पदाधिकारी
डंडई




# भुवनेश्वर और झारसुगुड़ा के बीच सीधी उड़ान सेवा शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाने और समावेशी विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, ओड़िशा सरकार ने रविवार को राज्य की अग्रणी बी-मान (विमानन परिसंपत्तियों और नेटवर्क का निर्माण और प्रबंधन) योजना के तहत भुवनेश्वर और झारसुगुड़ा के बीच सीधी उड़ान सेवा शुरू की। स्टार एयर द्वारा 76 सीटों वाले विमान के साथ संचालित यह सेवा, ओड़िशा की नयी गंतव्य नीति के तहत एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसे राज्य के भीतर हवाई संपर्क को मजबूत करने और आर्थिक अवसरों को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है। ये उड़ानें प्रत्येक मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को संचालित होंगी, और 24 अगस्त 2025 से दैनिक उड़ानें शुरू होंगी।



उद्घाटन उड़ान को मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने भुवनेश्वर के बीजू पटनायक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर बोलते हुए, मुख्यमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह उपलब्धि न केवल पश्चिमी ओड़िशा को राज्य की राजधानी के करीब लायेगी, बल्कि औद्योगिक विकास, पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को भी पर्याप्त बढ़ावा देगी। ओड़िशा सरकार के वाणिज्य और परिवहन विभाग ने 'सभी के लिए विमानन' के सपने को साकार करने और ओड़िशा को त्वरित, समावेशी विकास के अपने दृष्टिकोण के करीब ले जाने के लिए क्षेत्रीय हवाई नेटवर्क का विस्तार करने और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। भुवनेश्वर-झारसुगुड़ा उड़ान के लिए यह सेवा नयी गंतव्य नीति के तहत व्यवहार्यता अंतर निधि (वीजीएफ) द्वारा समर्थित है।

## सुरक्षा कार्यों के कारण ट्रेनों का अस्थायी रूप से रद्दीकरण

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। सुरक्षा बढ़ाने, परिचालन दक्षता में सुधार लाने और बेहतर ट्रेन संचालन क्षमता प्रदान करने के लिए, पूर्व तट रेलवे खुर्दा रोड मंडल के राहामा, बड़बंध और पारादीप स्टेशनों पर प्री-नॉन इंटरलॉकिंग (प्री-एनआई) और नॉन इंटरलॉकिंग (एनआई) कार्य करेगा। ये कार्य राहामा-पारादीप खंड के बीच ऑटो-सिग्नलिंग प्रणाली को चालू करने के साथ-साथ बड़बंध स्टेशन पर एक अतिरिक्त लूप लाइन के प्रावधान के लिए किये जा रहे हैं। इन महत्वपूर्ण सुरक्षा संबंधी कार्यों के सुचारू निष्पादन हेतु, निम्नलिखित ट्रेनें 16 अगस्त से 20 अगस्त 2025 तक रद्द रहेंगी। ट्रेन संख्या 68435/68436 कटक-पारादीप-कटक मेमू पैसेंजर ट्रेन और 58405/58406 कटक-पारादीप-कटक पैसेंजर ट्रेन दोनों दिशाओं से रद्द रहेगी। जनता से अनुरोध है कि वे इन परिवर्तनों पर ध्यान दें।

## विशेष अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। वर्तमान शैक्षणिक वर्ष 2025-26 में राज्य भर में 'चलो स्कूल चलें' अभियान के अवसर पर एक 'विशेष अभिभावक, शिक्षक/शिक्षिका एवं विद्यालय प्रबंधन/विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति बैठक' आयोजित की गयी। उक्त बैठक में विशेष रूप से स्कूल से बाहर के बच्चों को मुख्यधारा में लाने की आवश्यकता, स्कूल न जाने वाले बच्चों का आयु-अनुरूप कक्षाओं में नामांकन कराने, और यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक उपचारात्मक उपायों पर चर्चा की गयी कि बच्चे स्कूल में अपनी शिक्षा जारी रखें और स्कूल न छोड़ें। यहां उल्लेखनीय है कि इस विशेष बैठक में अभिभावकों ने स्कूल न जाने वाले प्रत्येक बच्चे को वापस स्कूल लाने, स्कूल में एक सुरक्षित और आनंददायक शिक्षण वातावरण बनाने, यह सुनिश्चित करने कि कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे और स्कूल को हर प्रकार का सहयोग प्रदान करने का 'सामूहिक संकल्प' लिया। विभिन्न जिलों में आयोजित इस विशेष बैठक में विद्यालय और जन शिक्षा विभाग के विभिन्न अधिकारियों ने भाग लिया और तदारख और सहायता प्रदान की।

## रंका अनुमंडल क्षेत्र में शान से लहराया झंडा तिरंगा



रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल मुख्यालय सहित संपूर्ण क्षेत्र में 79 स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सरकारी एवं गैर-सरकारी प्रतिष्ठानों में शान से तिरंगा झंडा फहराया गया। झंडोत्तोलन अनुमंडल पदाधिकारी आवासीय कार्यालय रंका में 8:40 बजे पूर्वाह्न में अनुमंडल पदाधिकारी रूद्र प्रताप ने तिरंगा फहराया और झंडे को सलामी दी, डीएसपी आवासीय कार्यालय में 8:50 बजे पूर्वाह्न में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह ने तिरंगा फहराया और झंडे को सलामी दी।अनुमंडल कार्यालय में 9:00 बजे पूर्वाह्न में एसडीएम रूद्र प्रताप ने तिरंगा फहराया और झंडे को सलामी दी, बार एसोसिएशन में 9:05 में अधिवक्ता रेवती रमण सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफरल में 9:15 में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ असजद अंसारी, 9:15 में ही आर के प्लस टू उवि में प्रधानाध्यापक इंद्र नारायण झा, कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में 9:30 में वार्डेन अनिमा बेक, राजमाता गुंजेश्वरी देवी इंटर कॉलेज में 9:40 में एसडीएम रूद्र प्रताप ने तिरंगा फहराया और झंडे को सलामी दी। बीआरसी में 9:50 बजे बीपीओ संतोष कुमार दुबे, नेता जी सुभाष चन्द्र बोस समर्थ आवासीय विद्यालय में वार्डेन सीमा तिग्गा, परियोजना कन्या उवि रंका में 10:00 बजे प्रधानाध्यापक सुधीर कुमार रजक, एसबीआई रंका में शाखा प्रबंधक दिलीप कुमार मिश्रा, स्व० जेठन सिंह प्रतिमा स्थल पर 10:20 में रंका दक्षिणी जिला परिषद सदस्य प्रमिला देवी रतन सिंह, प्रखंड कार्यालय में 10:25 बजे प्रमुख अनुभा सिंह, पुलिस निरीक्षक कार्यालय में 10:45 में पुलिस निरीक्षक सुभाष पासवान, रंका थाना में 10:50 में चुटिया पंचायत सचिवालय में मुखिया गीता देवी, विश्रामपुर पंचायत सचिवालय में मुखिया झिना देवी ने तिरंगा फहराया और झंडे को सलामी दी।

## भैया रुद्र प्रताप देव विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम



सगमा (आजाद सिपाही)। स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर भैया रूद्र प्रताप देव उच्च विद्यालय में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्य महोदय द्वारा ध्वजारोहण से हुई, जिसके बाद सभी ने मिलकर राष्ट्रगान गाया। इस मौके पर विद्यालय का हेडमास्टर हेमंत कुमार यादव, शिक्षक विकास कुमार यादव, शिक्षक सुल्तान अंसारी, समाजसेवी योगेंद्र यादव, पूर्व मुखिया नारायणदास यादव, चंद्रकेतु यादव, जनार्दन यादव, दीपक शास्त्री, देवा कोचिंग सेंटर के संस्थापक दिनेश प्रजापति, डॉक्टर ताहिर अंसारी सहित विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## सदभावना, प्रेम और भाईचारा हमेशा बनी रहनी चाहिए : प्रमुख दीपमाला कुमारी



मेराल(आजाद सिपाही) । प्रखंड मुख्यालय पर स्वतंत्रता दिवस समारोह में बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों को बधाई देते हुए प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी ने कहा इतनी बड़ी उपस्थिति यह दर्शाती है कि सभी देश के प्रति कितना कर्मठ हैं। देश के प्रति यह सदभावना, प्रेम और भाईचारा हमेशा बनी रहनी चाहिए। किस्मती कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस समारोह को संबोधित करते हुए डॉ अनिल साह ने कहा कि आज हमारा भारत देश डायरिया, मलेरिया जैसे प्रकोपों से नहीं बल्कि स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए जाना जाता है। वहीं एस मेमोरियल, एसजीएन किंडर गार्डन, कस्तूरबा गांधी, डीएवी लीला बच्चन पब्लिक स्कूल आदि में एक से बढ़कर एक झांकी प्रस्तुत कर बच्चों ने देश के प्रति प्रेम और जज्बा को प्रदर्शित कर सभी का मन मोह लिया।

## नीरजा सहाय डीएवी के विद्यार्थियों ने डीएवी स्पोर्ट्स में कलस्टर स्तर पर किया शानदार प्रदर्शन



पिठोरिया (आजाद सिपाही)। नीरजा सहाय डीएवी के कुल 499 विद्यार्थियों ने जुलाई माह में आयोजित डीएवी स्पोर्ट्स में कलस्टर स्तर पर भाग लिया और आश्चर्यजनक जीत हासिल की। प्राचार्या किरण यादव ने सभी विजेताओं को सम्मानित किया। प्राचार्या ने यह भी बताया कि क्लस्टर लेवल में विद्यालय के खिलाड़ियों ने 179 स्वर्ण, 81 रजत और 80 कांस्य पदक समेत कुल 340 पदक अपने नाम किये। गौरतलब है कि विजेता टीम जोनल स्तर पर 21 अगस्त 2025 से होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए तैयार है।

# आरके पब्लिक स्कूल, हूर में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** आरके पब्लिक स्कूल में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह, हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11:00 बजे ध्वजारोहण के साथ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के संस्थापक राजकुमार पांडेय, पूर्व मुखिया बिंदु देवी, विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य रामकरेश चौबे तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या नसरीन हक द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के बाद पूरे प्रांगण में राष्ट्रगान की गूंज सुनायी दी। सभी शिक्षक, विद्यार्थी, अभिभावक और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी ने स्वतंत्रता संग्राम के महान शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं वरिष्ठ विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नाटक-'बाल श्रम एवं देशभक्ति'-ने समाज को जागरूक करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का पूरा वातावरण देशभक्ति की भावनाओं से ओत-प्रोत रहा। 'वंदे मातरम', 'भारत माता की जय' और 'जय हिंद' के गगनभेदी नारों से पूरा प्रांगण गुंजायमान हो उठा। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या नसरीन हक ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता हमें विरासत में मिली है, इसकी रक्षा और सम्मान करना हर भारतीय का कर्तव्य है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे देश के प्रति निष्ठावान, अनुशासित और जिम्मेदार नागरिक बनें तथा समाज और राष्ट्र की प्रगति में अपनी भूमिका निभाएं।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी हर्षोल्लास से मना



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। विश्व प्रसिद्ध श्री बंशीधर मंदिर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी शनिवार को धूमधाम के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। झारखंड के कोने-कोने से लेकर उत्तर प्रदेश, छतीसगढ़, मध्य प्रदेश एवं बिहार से भक्तों के आने का सिलसिला सुबह से ही शुरू हो गया था जो देर रात तक चलता रहा। भगवान के जन्म के साथ ही मंदिर परिसर में मौजूद महिला श्रद्धालुओं ने सोहर एवं मंगल गीत जुग जुग जियहो ललनवा, भवनवा के भाग जागल हो, ललना लाल होइहें, कुलवा के दीपक मनवा में, आस लागल हो, जन्मे हैं कृष्ण कन्हैया गोकुल में बाजे बधैया हो, देवकी के जन्मे कन्हैया गोकुल में बाजे बधैया हो.....सोहर प्रस्तुत कर माहौल को भक्तमय बना दिया।

## आरके पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल एलके ओझा का निधन



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। शहर के अधौरा में स्थित आरके पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल व बिरला ओपन माइंडस इंटरनेशनल स्कूल की शिक्षिका भावना ओझा के पति एलके ओझा का निधन हर्ट अटैक से हो गया। वे लगभग 55 वर्ष के थे। जानकारी के अनुसार एलके ओझा स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन एवं विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताओं के सफल समापन के बाद वे अपने चैंबर में बैठे थे। शोक व्यक्त करने वालों में स्कूल के निदेशक अलखनाथ पांडेय, बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन बीरेंद्र सिंह, भाजपा नेता शिवधारी राम, रघुराज पांडेय, लक्ष्मण राम समेत कई गणमान्य लोगों के नाम शामिल हैं।

# जीएन कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जीएन कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस बड़े धूमधाम और गरिमामय माहौल में मनाया गया। सुबह 8:15 बजे विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर झंडोत्तोलन किया। इसके बाद उन्होंने स्वागत भाषण के माध्यम से देश की आजादी और बलिदान की गाथा को याद दिलाया। झंडोत्तोलन के बाद विद्यालय परिसर देशभक्ति के मधुर गान से गूंज उठा जब छात्र-छात्राओं ने अनुशासनबद्ध परेड का शानदार प्रदर्शन किया। इसके साथ ही शहीदों के प्रति नमन का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंच पर बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। देशभक्ति गीत, नृत्य और नाट्य मंचन ने वातावरण को देशप्रेम की भावना से भर दिया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। निदेशक केशरी ने सभी को 79वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चों में देशभक्ति और अनुशासन की भावना ही उन्हें भविष्य में एक सच्चा नागरिक बनायेगी।

# पुलिस ने प्रेमी जोड़े की मंदिर में करायी शादी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरिया।** भंडरिया थाना क्षेत्र के नागनहा गांव के एक प्रेमी युगल का विवाह शनिवार की देर रात थाना परिसर के समीप महावीर मंदिर में स्थानीय ग्रामीण व पुलिस प्रशासन के समक्ष संपन्न हुआ। जानकारी के अनुसार पिछले एक वर्षों से भंडरिया थाना क्षेत्र के नगनाहा गांव निवासी प्रमोद सिंह के पुत्री रिंकु कुमारी का गांव के ही बन्धु सिंह के पुत्र ईश्वर दयाल सिंह के साथ प्रेम प्रसंग में थे। लेकिन हाल ही में आपसी विवाद के बाद युवती थाने पहुंच गयी, तथा इसकी जानकारी भंडरिया इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी अभिजीत गौतम मिश्रा को बताया। मामले की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी ने दोनों प्रेमी युगलों के स्वजनों को बुलाया तथा मामले की जानकारी ली। दोनों प्रेमी युगल के एक ही समाज के रहने और स्वजनों की सहमति से विवाह का निर्णय लिया गया। रात करीब 11 बजे पुलिस की मौजूदगी और परिजनों व ग्रामीणों की गवाही के बाद महावीर मंदिर भंडरिया में पुजारी के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कराने के उपरांत प्रेमी से प्रेमिका को मांग में सिंदूर दिलवाकर शादी संपन्न करायी गयी।

इस अनोखे विवाह के साक्षी पुलिसकर्मी और स्थानीय लोग भी बने। विवाह के बाद सभी ने नवदंपत्ति को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखी दांपत्य जीवन की कामना की। मौके पर प्रेमी प्रेमिका के माता पिता के साथ उनके अन्य स्वजन उपस्थित थे।

## दुर्गा महादेव मंदिर, ओरमांझी में जन्माष्टमी धूमधाम से मनायी गयी

ओरमांझी (आजाद सिपाही) । प्रखंड के दुर्गा महादेव मंदिर में जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया गया। राधा-कृष्ण के वेश में नन्हे-नन्हे बच्चे की सुंदर प्रस्तुतियों ने जन्माष्टमी में चार चांद लगा दिया। जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित नृत्य प्रतियोगिता के विजेता श्रीधी गुप्ता को प्रथम, द्वितीय प्रिया गुप्ता, तृतीय पुरस्कार मिष्ठी कुमारी को दिया गया। अन्य सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार स्वरूप मोमेंटो एवं मेडल प्रदान किया गया। जन्माष्टमी महोत्सव के सफल आयोजन में मुख्य पुजारी कुणाल गोस्वामी, मुख्य संरक्षक नंदगोपाल साहू, अध्यक्ष राम कुमार महतो, सचिव सह मुखिया दीपक बढ़ाइक, कोषाध्यक्ष दुर्गा शंकर साहू, उपाध्यक्ष संतोष गुप्ता, पंचायत पूर्व मुखिया मीना देवी, उपाध्यक्ष कुंदन साहू, उपसचिव शशि मेहता, आनंद मेहता, पूर्व अध्यक्ष संतोष कुशवाहा, उपाध्यक्ष कुलदीप, मीडिया प्रभारी रूपेश, पवन, अमित, नीरज सोनी, अमर, रवि आदि लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

## शौचालय की टंकी में दम घुटने से दो मजदूरों की मौत

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। शौचालय की टंकी में दम घुटने से दो मजदूरों की मौत हो गयी। यह घटना नुआपड़ा ज़िले के खडिआल में हुई। लक्ष्मी चौंक निवासी गोविंद साहू नामक व्यक्ति निर्माणाधीन शौचालय की टंकी का फॉल्स खोल रहा था, तभी यह हादसा हुआ। शौचालय की टंकी में दम घुटने से दो मजदूरों की मौत हो गयी। खबर मिलते ही खडिआल अग्निशमन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और दोनों मजदूरों को टंकी से निकालकर खडिआल उपजिला अस्पताल ले गए। हालांकि, वहां के डाक्टर ने दोनों मजदूरों को मृत घोषित कर दिया। दोनों मजदूरों की पहचान खडिआल थाना अंतर्गत छता गांव के रघु हाती और कोटेनमुंडा गांव के बासुदेव भोई के रूप में हुई है। खडिआल पुलिस ने दोनों मजदूरों के शवों को कब्जे में ले लिया है और घटना की जांच कर रही है।

## विधान सभा स्थायी समिति ओड़िशा अग्निशमन और आपातकालीन प्रबंधन संस्थान का दौरा करेगी



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। गृह विभाग की विधानसभा स्थायी समिति ओड़िशा अग्निशमन और आपातकालीन प्रबंधन संस्थान का दौरा करेगी। वे अग्निशमन विभाग का दौरा कर उसकी कार्यकुशलता का निरीक्षण करेंगे। वह विभिन्न अग्निशमन और बचाव कार्यों की देखरेख भी करेंगे। ओडिशा भारत का पहला राज्य है जिसके पास ड9 डॉग स्क्वायड है। यह विशेष रूप से प्रशिक्षित के9 डॉग स्क्वाड प्राकृतिक आपदाओं के दौरान बचाव कार्यों का प्रदर्शन करेगा। डेमो में दिखाया जाएगा कि आग दुर्घटना के दौरान नवीनतम ज्ञान और उपकरणों की मदद से कैसे बचाव किया जाये।

## शहरी क्षेत्रों में नागरिक सेवाओं में बदलाव के लिए आरटीपीएस अधिनियम पर बैठक



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। आवास एवं शहरी विकास विभाग की 'नागरिक-प्रथम' शासन के प्रति प्रतिबद्धता महत्वपूर्ण है। शहरी शासन और नागरिक-केंद्रित सेवा वितरण को सुदृढ़ करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, आवास एवं शहरी विकास विभाग ने कल लोक सेवा का अधिकार (आरटीपीएस) अधिनियम पर एक बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता विभाग की प्रमुख सचिव उषा पाढ़ी ने की। विभाग के लिए अपने दृष्टिकोण को व्यक्त करते हुए, श्रीमती पाढ़ी ने कहा, 'लोक सेवा का अधिकार अधिनियम केवल सेवा वितरण का एक साधन नहीं है, बल्कि यह शासन को पुर्नपरिभाषित करने की प्रतिबद्धता है। हर स्तर पर जवाबदेही, दक्षता और पारदर्शिता को समाहित करके, हमारा लक्ष्य ऐसे शहर बनाना है जहां नागरिक शासन को एक अधिकार के रूप में अनुभव करें, न कि एक विशेषाधिकार के रूप में।' युवा एवं सामाजिक विकास केंद्र (सीवाईएसडी) के सह-संस्थापक एवं सलाहकार, श्री जगानंद आरटीपीएस अधिनियम की परिवर्तनकारी क्षमता पर एक विशेष प्रस्तुति दी। बी.डी.ए. के उपाध्यक्ष डॉ. एन. तिरुमाला नायक, नगर प्रशासन निदेशक अरिंदम डाकुआ, बीएमसी आयुक्त चंचल राणा, अपर सचिव रवींद्र कुमार साहू और अपर सचिव एस. राउत्रे सहित अन्य अधिकारी खारवेल भवन की तीसरी मंजिल स्थित सम्मेलन कक्ष में आयोजित बैठक में शामिल हुए।

## कटकमसांडी प्रखंड के ग्राम पंचायत बरगड्डा से निकलेगा भव्य सांसद तीर्थ यात्रा: किशोरी राणा



कटकमसांडी (हजारीबाग)। कटकमसांडी प्रखंड के ग्राम पंचायत बरगड्डा के पंचायत भवन में सांसद तीर्थ यात्रा का अंतिम रूप रेखा को लेकर आज एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि मांडू से सांसद प्रतिनिधि खोखा सिंह , एवं जुगनू सिंह शामिल हुए। सांसद प्रतिनिधि खोखा सिंह ने बताया कि यह तीर्थ यात्रा खास कर के असहाय लोगों के लिए है, जो इस तरह का तीर्थ यात्रा जाने से वंचित रह जाते है। मौके पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, भाजपा के जिला मंत्री रीतलाल यादव,पश्चिमी मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव, पूर्वी मंडल अध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा, युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष दीपक मेहता, मुखिया नारायण साव, पूर्व मुखिया प्रेम प्रसाद, महामंत्री अरविंद यादव, भाजपा के वरिष्ट कार्यकर्ता महावीर सिंह, मिथिलेश सिंह, बिजुल देवी, घनश्याम यादव, बैजनाथ यादव, सुंदर राम, उमाशंकर पांडे, लेखराज यादव सहित सैकड़ों महिला व पुरुष मौजूद रहे।

## मेराल में हर्षोल्लास के साथ मना स्वतंत्रता दिवस



मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय सहित सभी प्रखंड के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में हर्षोल्लास के साथ शान से तिरंगा झंडा फहराया गया। प्रखंड मुख्यालय पर प्रमुख दीपमाला कुमारी के द्वारा झडोत्तोलन किया इस अवसर पर सीओ सह प्रभारी बीडीओ यशवंत नायक सहित कई जनप्रतिनिधि गणमान्य लोग वरिष्ठ नागरिक तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ बच्चे शामिल रहे। पतंजलि सह भारत स्वाभिमान न्यास के प्रखंड कार्यालय, द इंडियन पब्लिक स्कूल और किस्मती कॉलेज आफ फामेर्सी में डॉ अनिल साह, थाना परिसर में थाना प्रभारी विष्णु कांत, सीएचसी में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार, पशुपालन कार्यालय में डॉ के के सिंह, ब्लॉक कॉलोनी मध्य विद्यालय में गंगेश पांडे, मेराल पूर्वी पंचायत सचिवालय में मुखिया रामसागर महतो, नेनुआ मोड अपने ऑफिस पर विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन, पश्चिमी पंचायत भवन पर मुखिया उर्मिला देवी, एसडी मेमोरियल स्कूल में निदेशक ब्रजेश मिश्रा, डीएवी लीला बच्चन पब्लिक स्कूल में, निदेशक सुरेंद्र विश्वकर्मा, एसजीएन मॉडर्न किन्नर गार्डन पब्लिक स्कूल में, निर्देशक धर्मेंद्र देव, पाराडाइज पब्लिक स्कूल में निदेशक इंजीनियर इमाम, हासनदाग पंचायत भवन पर मुखिया फुलमंती देवी, भाजपा कार्यालय पर रुपू महतो एवं मनोज जायसवाल, झामुमो कार्यालय पर प्रखंड अध्यक्ष सूर्य प्रकाश उर्फ सुड्डू ने झंडोतोलन किया। सामूहिक झंडोतोलन कार्यक्रम में उप प्रमुख निजामुद्दीन खां, हरेंद्र कुमार द्विवेदी, संजय भगत, अजय प्रसाद गुप्ता, महेंद्र प्रसाद, उदय कुमार कुशवाहा, अतहर अली, विजय प्रसाद, डॉ लालबहादुर साह, ज्ञान रंजन मिश्र शाहिद बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

## शपथ पत्र

शपथ पत्र संख्या 2848. दिनांक 28. 07.2025 के अनुसार, मै रिया देवी पति सुजीत दास ग्राम खेरवानी, पोस्ट धनवार, थाना- धनवार, जिला -गिरिडीह, शपथ पूर्वक ब्यान करती हूँ कि:- 1. यह कि मेरी उम्र लगभग 27 वर्ष है। 2. यह कि मेरा आधार कार्ड संख्या 4860 2408 1382 है। 3. यह कि आधार कार्ड एवं पैन कार्ड संख्या GBYPD6644E में मेरा नाम RIYA DEVI अंकित है जबकि इंडियन बैंक शाखा मंडरो में मेरा एक बचत खाता चलता है जिसका खाता संख्या 50168933863 है जिसमें मेरा नाम AARTI KUMARI अंकित है। 4. यह कि RIYA DEVI एवं AARTI KUMARI दोनों नाम का मैं एक ही महिला हूँ तथा मैं अपने उपरोक्त दोनों नामों से जानी तथा पहचानी जाती हूँ। 5. यह कि यह शपथ पत्र मैं अपने उपरोक्त दोनों नामों के सत्यापन करने हेतु कर रही हूँ। 6. यह कि मैं भविष्य में RIYA DEVI के नाम से जानी जाऊँगी ।

## इंडिपेंडेंस कप कराटे चैंपियनशिप में खूंटी के खिलाड़ियों ने जीते तीन पदक



खूंटी (आजाद सिपाही)। दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित इंडिपेंडेंस कप कराटे चैंपियनशिप में खूंटी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण सहित कुल तीन पदक जीतने में कामयाब रहे। 12 वर्ष आयु वर्ग में सुशील नाग ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि 13 वर्ष आयु वर्ग में रवीश कंडुलना ने रजत पदक एवं कैडेट वर्ग में सुनीता कुमारी को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। गत 7 से 10 अगस्त तक चली इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों के लगभग 2500 कराटे खिलाड़ियों ने भाग लिया था। पदक जीत कर रविवार को खूंटी पहुंचने पर स्थानीय लोयोला हाई स्कूल में विजेता खिलाड़ियों एवं कोच अमर उरांव का स्वागत किया गया। खूंटी डिस्ट्रिक्ट स्पोर्टस कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष सेंसाई हेजाज असदक, सचिव हरीश कुमार, वरिष्ठ प्रशिक्षक शादाब खान, शीतल टोपनो एवं संतोष कुमार ने सभी प्रतिभागी एवं विजेता खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## स्वतंत्रता सेनानी बानेश्वर के आवास पर फहराया गया तिरंगा



नामकुम (आजाद सिपाही)। स्वतंत्रता सेनानी इंटेलीजेंट ग्रुप 2 के अमर सेनानी बानेश्वर राय के रामपुर बाजार स्थित आवास के समीप स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन किया गया। सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा, भाजपा खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा ने ध्वजारोहण किया। मौके पर स्वतंत्रता सेनानी के बेटे रंजन राय, विक्रम राय, पोत्र सह भाजपा खिजरी मंडल के कोषाध्यक्ष समीर राय, आरती राय, ज्योति राय, प्रपोत्र शुभ्रांशु राय, भाजपा नेता बिजेंद्र राय उर्फ मंटू,केंद्रीय सरना समिति से जगलाल पाहन, समाजसेवी शंकर सिंह मुंडा, मीडिया प्रभारी राजेश वर्मा, सागर रवि, पवन, सुनील साव, सत्येंद्र वैद्य, संदीप मंडल, राजू लकड़ा, संजय सिंह आदि मौजूद थे।

## पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में धूमधाम के साथ मनायी गयी श्री कृष्ण जन्माष्टमी



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको मे श्री कृष्ण जन्माष्टमी धुमधाम के साथ मनायी गयी। पिपरवार के बचरा सहित सभी ग्रामीण इलाकों के मंदिरों सहित कई स्थानों पर बाल गोपाल का जन्मोत्सव मनाया गया। बचरा चार नंबर शिव मंदिर, बाजारटांड़ स्थित श्रीराम जानकी मंदिर, बिशुझापा मंदिर, राय कोलियरी, पुरानीराय, बेंती, बिलारी, किचटो, चिरैयांटांड़, बहेरा, कल्याणपुर, बुंडु, राय सहित अन्य इलाकों के मंदिरों में देर रात तक विधिवत पूजा अर्चना के बाद श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान महिला श्रद्धालुओं ने फूलो से सजी पालकी में श्री कृष्ण को झुला झुलाया।

# गुरदी गांव में पुलिस पर हमला, 12 घायल

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**गढ़वा।** गढ़वा शहर से सटे गुरदी गांव में रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गयी, जब एक पारिवारिक विवाद में बंधक बनाये गये लोगों को छुड़ाने गयी पुलिस पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। स्थिति इतनी गंभीर हो गयी थी कि मामला मोब लिंचिंग तक पहुंचने वाला था, लेकिन पुलिस की सूझबूझ और तत्परता से बड़ी घटना टल गयी। इस झड़प में पुलिस कर्मियों सहित करीब एक दर्जन लोग घायल हो गये हैं।

**घटना की शुरूआत - दंपति का विवाद बना वजह :** जानकारी के अनुसार, गुरदी गांव निवासी तकसीर खान (27 वर्ष) की शादी वर्ष 2016 में मझिआंव थाना क्षेत्र के चंद्रपुरा गांव निवासी रकीबा खातून (22 वर्ष) से हुई थी। शादी के कुछ साल बाद ही दंपति के बीच विवाद शुरू हो गया। मामला इतना बढ़ा कि यह न्यायालय तक पहुंच गया। हालांकि, कुछ समय बाद समझौते के बाद तकसीर फिर से रकीबा के पास आने-जाने लगा।

बताया गया कि बीते शनिवार की रात तकसीर ने पत्नी रकीबा के साथ मारपीट की। आहत रकीबा ने इसकी जानकारी मायके वालों को दी। इसके बाद रविवार की सुबह रकीबा के पिता जाहिद आलम खान (50 वर्ष), भाई समीर खान (25 वर्ष), सैफ अली खान (28 वर्ष) और मां सबील बीबी (45 वर्ष) सहित परिवारजन गुरदी गांव पहुंचे। वे तकसीर और रकीबा के बीच विवाद को सुलझाने का प्रयास कर रहे थे।

**सूचना पर पहुंची पुलिस पर भी हमला :** इस बीच, घटना की जानकारी गढ़वा पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही गढ़वा थाना से पुलिस अवर निरीक्षक इस्माइल आजाद (52 वर्ष), आरक्षी नवसे करकटा (40 वर्ष), बसंत उरांव (38 वर्ष) और चालक हरेंद्र कुमार सिंह (40 वर्ष) दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। लेकिन ग्रामीणों ने पुलिस टीम को भी घेर लिया और लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

स्थिति बेकाबू होती देख पुलिस ने तुरंत थाना प्रभारी बृज कुमार को सूचना दी। कुछ ही देर में थाना प्रभारी अतिरिक्त बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। पुलिस टीम को देखकर हमलावर ग्रामीण मौके से भाग खड़े हुए। इसके बाद सभी घायलों को बाहर निकालकर सुरक्षित सदर अस्पताल लाया गया। हमले में पुलिसकर्मियों के अलावा रकीबा खातून और उसके मायके पक्ष के कई सदस्य भी घायल हुए हैं। सभी घायलों का इलाज गढ़वा सदर अस्पताल में चल रहा है, जहां डॉक्टरों ने फिलहाल उन्हें खतरे से बाहर बताया है।

# महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का विजेता बना एनएफसी गुमला

**आजाद सिपाही संवाददाता**



अनगड़ा किक महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में खिलाड़िया से परिचय प्राप्त करते डॉ प्रदीप वर्मा और भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार समेत अन्य।

**अनगड़ा।** लुपुंग स्टेडियम में आयोजित प्रथम अनगड़ा किक महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब एनएफसी गुमला ने जीता, उसने बेहद रोमांचक मुकाबले में स्टार वारेरियर कांके को 1-0 से हराया। प्लेयर ऑफ द मैच गुमला के रिया वर्मा ने यह गोल किया। प्लेयर ऑफ द सिरिज अल्फा कंडुलना बनी। इससे पहले मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल मुकाबले को शुरू कराया। मौके पर डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि खेल व खिलाड़ियों के विकास के लिए सामुहिक प्रयास आवश्यक है। इस तरह के आयोजनों से महिला खिलाडियों को प्रोत्साहन मिलेगा और वे अपने प्रदर्शन से राज्य व देश का नाम रौशन करेंगे। महिला फुटबॉल का उत्थान समय की मांग है। खेल व खिलाड़ियों के विकास के लिए केंद्र सरकार काफी गंभीर है। इस अवसर पर आयोजन समिति राम एकेडमी के द्वारा विजेता टीम को 40 हजार रुपये व उपविजेता को 30 हजार रुपये एवं ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। मौके पर भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार, सुरेंद्र महतो, मनोज कुमार चौधरी, जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, राजेन्द्र शाही, रामसाय मुंडा, सुनील महतो, जगेश्वर महतो, अध्यक्ष संजय नायक, विपिन मुंडा, मुकेश लोहरा, संजय महतो, जलेश महतो, किशुन महतो, अजय भोक्ता, पारसनाथ महतो, अगमलाल महतो, अजय करमाली, नीरज मुंडा सहित अन्य उपस्थित थे।

## विद्यालय से होती है राष्ट्र निर्माण की शुरुआत: कुमुदिनी



नामकुम (आजाद सिपाही)। विद्यालय वह प्रांगण होता है जहां से राष्ट्र निर्माण की शुरूआत होती है। शिक्षक राष्ट्र के विकास में जो सहयोग देते हैं, वह अतुलनीय है। उक्त बातें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग की प्रदेश महासचिव कुमुदनी प्रभावती ने कही। वे नामकुम जोरार पाटियादोन स्थित एनजलीन मर्सी स्कूल के ध्वजरोहन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थीं। बताते चलें कि स्वतंत्रता दिवस पर एनजलीन मर्सी स्कूल परिसर में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम एवं उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य-प्रधानाध्यापक पंकज तिर्की ने मुख्य अतिथि एवं आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों को अनुशासन, शिक्षा और राष्ट्रप्रेम की राह पर आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों को उनके बेहतरीन, प्रदर्शन के लिए, मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय के सचिव एस.के कनौजिया, ट्रस्टी आश्रित कुज्जूर, नामकुम प्रखंड महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रीना सांगा मौजूद रही।

## लिटिल हैंड्स प्ले स्कूल में स्वतंत्रता दिवस मना



बेड़ो (आजाद सिपाही)। सांई मंदिर रोड स्थित लिटिल हैंड्स प्ले स्कूल में 79वीं स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक उत्तम कुमार ने झंडारोहण किया। कार्यक्रम मे बच्चों ने राष्ट्रगान के साथ सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मौके पर प्रधानाध्यापक उत्तम कुमार ने उपस्थित सभी लोगों को स्वतंत्र दिवस की बधाई दी। देश में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग व समर्पण के बारे में बच्चों को बताया। उन्होंने कहा कि आजादी हमने बहुत कुर्बानियों से देकर हासिल कर ली है। हम सबका कर्तव्य है कि इसकी रक्षा करें। वहीं निदेशक सुभद्रा सिंह ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को सफल बनाने ने नीलम देवी, रचिता बड़ाईक, पिंकी कुमारी, सलोनी साहू तथा सुनीता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई
25 वर्षों से विश्वसनीय संस्था
DIRECT ADMISSION
ENGINEERING/MEDICAL
PhD, B.Pharma, D.Pharma,LLB, DEIEd, BPEd MPEd, B.Sc., B.Com., B.A., M.Sc.,M.Com, M.A. BCA, BBA, MBA, B.Lib., MCA, Diploma, B.Tech & Other Courses
B.Ed. Regular (NCTE Approved) माध्यम : हिन्दी / अंग्रेजी
WINGS (Approved by AC, Estd. 2000)
101, Ramchandra Dham, Opposite Koyala Vihar, Near Hariom Tower, Lalpur, Ranchi - 834001
Mob: 9334336364, 7542023782

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रमोद कुमार
अंचल पदाधिकारी
मंझिआंव

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुनील तिवारी
इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी
मंझिआंव

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रवीण पाण्डेय
शाखा प्रबंधक
(सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया)
मंझिआंव

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शैलेश कुमार
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत मंझिआंव

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. रत्नेश कुमार
चिकित्सा पदाधिकारी
धुरकी - गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जनार्दन राउत
थाना प्रभारी
धुरकी - गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुमित्रा देवी
निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष
नगर पंचायत मंझिआंव

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
निर्वाणा नेत्रालय
स्थान - राधा कृष्णा गर्ल हाई स्कूल के सामने मंझिआंव
अस्पताल ट्रस्ट द्वारा सभी वर्ग के लोगों को मोतियाबिंद का ऑपरेशन कम खर्च पर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शंभू गुप्ता
मुखिया
गनियारी कला
धुरकी - गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रमोद कुमार यादव
वनरक्ष अधिकारी
धुरकी - गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बिमल कुमार सिंह
अंचलाधिकारी
धुरकी-गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
देवेंद्र सिंह
मंडल कोषाध्यक्ष
भाजपा भदानीनगर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नितीश कुमार यादव
निर्देशक
दा विकेंड रेस्टोरेंट सह
समाजसेवी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ओल्ड वर्कशॉप
ई & एम विभाग
भूरकुंडा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अंबा प्रसाद
पूर्व विधायक बड़कागांव विधानसभा
निवेदकः राजकिशोर पांडये, जयंत तुरी, विक्कु रजक रमाकांत दुबे

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनिल सोनी
आजसू जिला उपाध्यक्ष
रामगढ़

SNK
SANMARG STEEL
Let's feel proud to be a part of our glorious NATION
And hoist the Tricolor high sending you warm wishes...
श्री वेंकटेश आयरन एंड एलॉयज (आइ) लिमिटेड एंड सनमार्ग स्टील
निवेदक :- कमल केडिया, अंकित केडिया, हर्ष केडिया

SURAJ AGENCY
MOBILE & ELECTRONICS SHOWROOM
पुराना मोबाईल लायें, नया मोबाईल फीज टी.वी., वासिंग मशीन कुछ भी लें जायें
सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
EXCHANGE OFFER
ऑनलाइन शॉपिंग से 500 से 1000 रुपए तक की छूट
Contact Now : 9931525611

भुरकुंडा कोयलांचल वासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई
रोशन लाल चौधरी — शासी निकाय अध्यक्ष, विधायक, बड़कागांव विधानसभा
सुकल्याण मोईत्रा — सचिव
डॉ. शीला सिंह — प्राचार्या
जेएम कॉलेज, भुरकुंडा, समस्त महाविद्यालय परिवार

जय जवान! जय किसान! जय विज्ञान! जय अनुसंधान!
ए' ला एंगलाइज
सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल, भुरकुण्डा, रामगढ़।
राष्ट्र के 79वीं स्वतंत्रता दिवस ( अमृत महोत्सव ) पर समस्त कोयलांचल वासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ ।
प्राचार्य — विजयन्त कुमार
सचिव — डा० गजाधर महतो 'प्रभाकर'
निवेदक — विद्यालय परिवार

## 'जय कन्हैया लाल की, मदन गोपाल की' के जयकारे से गूंजता रहा श्रीराधा कृष्ण मंदिर



**गुमला (आजाद सिपाही)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर रौनियार धर्मशाला स्थित श्रीराधा कृष्ण मंदिर परिसर में रौनियार वैश्य समाज गुमला के द्वारा भव्य भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जय कन्हैया लाल की... के जयकारे के बीच भक्त गाते और झूमते नजर आए। इससे पूर्व भजन संध्या कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ध्रुव चंद्र मिश्रा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात विनय मिश्रा और उनकी टीम के द्वारा एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए गए। श्रीराधा कृष्ण की वेशभूषा में सैकड़ो बच्चे शामिल हुए। वही, देर रात तक भक्तिमय गीतों के बीच श्रद्धालु थिरकते रहे। रात्रि 12:00 बजे श्री कृष्ण जन्मोत्सव के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेश प्रसाद यादव, थाना प्रभारी महेंद्र करमाली, समाज के अध्यक्ष विनोद प्रसाद, सचिव अनमोल गुप्ता सहित सैकड़ो की संख्या में प्रबुद्धजन और भक्त शामिल हुए। रौनियार समाज के द्वारा कार्यक्रम में शामिल होने वाले भक्तों को श्री राधा कृष्ण का पट्टा देकर और बैच पहनाकर स्वागत किया गया।

## उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बेती में स्वतंत्रता दिवस के बाद भी नहीं उतारा गया तिरंगा

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बेती में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर धूमधाम से तिरंगा ध्वज फहराया गया था। लेकिन हैरानी की बात यह है कि स्वतंत्रता दिवस के तीन दिन बीत जाने के बाद भी विद्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज अब तक लटकता रह गया है। विद्यालय के शिक्षक द्वारा नियमों की अनदेखी कर ध्वज को समय पर अवरोहित नहीं किया गया, जिससे स्थानीय ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है। ज्ञात हो कि ध्वज संहिता के अनुसार स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर तिरंगे को सूर्योदय से सूर्यास्त तक ही फहराया जा सकता है। संध्या समय ध्वज को सम्मानपूर्वक अवरोहित कर सुरक्षित रखना अनिवार्य है। इसके बावजूद विद्यालय में तीन दिनों तक तिरंगा लटका रहना ध्वज संहिता का सीधा उल्लंघन माना जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह घटना केवल लापरवाही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय ध्वज का अपमान है।

# पूर्व मंत्री समर्थकों और हाइवा ओनर के बीच मारपीट मामले में छह लोग गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**केरेडारी।** चट्टी बारियातु कोल माइंस में बीते दिनों हाइवा मालिकों को पूर्व मंत्री योगेंद्र साव समर्थकों के द्वारा मारपीट गयी थी, जिसमें करीब दर्जन भर लोग घायल हुए थे और कार्रवाई की मांग को लेकर भुक्तभोगी के द्वारा पगार ओपी में लिखित मामला दर्ज कराया गया था। मामला दर्ज होने के बाद से ही पुलिस अभियुक्तों की तलाश में थी और इसी क्रम में शनिवार की रात पुलिस ने छह अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस कार्रवाई से क्षुब्ध पूर्व विधायक निर्मला देवी और इनके समर्थन में उतरी महिलाओं ने रविवार को केरेडारी- टंडवा मुख्य सड़क लबनिया मोड़ के समीप दोपहर करीब डेढ़ बजे जाम कर दिया जिससे आम राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना भी करना पड़ा और प्रदर्शन में शामिल महिलाएं राहगीरों के साथ काफी बदतमीजी भी कर रही थी। सड़क जाम की सूचना मिलने पर केरेडारी थाना प्रभारी विवेक कुमार यादव पूरे दल बल और महिला पुलिस बल के साथ जाम स्थल पर पहुंचे व करीब शाम पांच बजे आवागमन सुचारु हुआ। हालांकि पूर्व विधायक निर्मला देवी उक्त स्थल पर ही बैठ गयी और पुलिस प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करने लगी। समाचार लिखे जाने तक पूर्व विधायक निर्मला देवी सड़क के किनारे डटी हुई हैं जबकि भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात है।

# बिंग कांइड एंड हैप्पी संस्था ने गौ वंशों को रेडियम बैंड पहनाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** संस्था बीइंग काइंड एंड हैप्पी द्वारा सड़क किनारे और सड़क पर घूमने वाले गौ वंशों को देर रात्री तक एक्सीडेंट से सुरक्षा हेतु रेडियम बैंड गले में पहनाया गया। इस कार्यक्रम को संस्था के द्वारा पुरे धनबाद में अलग-अलग दिन किया जाएगा ताकि पशुओं के वजह से एक्सीडेंट के मामलों कों कम किया जा सके। संस्था के सचिव राणा प्रताप सिंह नें लोगों से अपील किया कि इस अभियान में सभी सहयोग करे ताकि गौ वंशों के साथ साथ लोगों को भी सुरक्षित किया जा सके। अध्यक्ष डॉ स्वतंत्रत कुमार द्वारा रेडियम बैंड उपलब्ध करवाया गया। राजू मंडल,चिन्मय कुमार और प्रदीप कुमार की अगुवाई में काकोमठ से राजगंज तक कई गौ वंशों को गले में बैंड बांधे गये। मौके पर तुषार मंडल, संदीप मंडल, रौशन महतो, शिवनारायण महतो, लॉबिन साव, योगेन्द्र महतो, मनोज महतो,भीम महतो, विक्रम रवानी, रिंकू महतो उपस्थित रहे।





































































## झूलन प्रतियोगिता में जीवंत झांकियों ने मोहा मन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर हटिया गार्डेन मंदिर परिसर में इस वर्ष भी जीता-जागता झूलन का आयोजन भव्य रूप से हुआ। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच छोटे-छोटे बच्चों ने श्रीकृष्ण लीला से जुड़े हर किरदार को जीवंत कर दिया। बाल रूप श्रीकृष्ण में मक्खन चुराते और बांसुरी बजाते रूप ने भक्तों को मंत्रमुग्ध किया। वही यशोदा मैया बच्चों ने मां के वात्सल्य का अभिनय कर दर्शकों की आंखें नम कर दीं। नंद बाबा श्रीकृष्ण के पालनहार पिता का रूप सजीव कर ग्रामीण जीवन का भाव जगाया। राधा सखी संग झूला झूलती राधा के रूप में बालिका का अभिनय दर्शकों के दिलों को भा गया। गोप-गोपियां माखन की मटकी और खेल-खिलंदड़ अदाओं ने सबको आकर्षित किया। कंस अत्याचार और अहंकार का जीवंत रूप प्रस्तुत कर बाल कलाकार ने समूचे वातावरण को गूंजा दिया। श्रीराम-सीता व हनुमान त्रेता युग की झलक भी मंचित कर यह संदेश दिया गया कि धर्म की विजय सदा होती है। देवी-देवताओं की झांकियां दुर्गा, शिव, गणेश और अन्य स्वरूपों के दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। शनिवार की तरह रविवार को भी शाम 7 बजे से हटिया गार्डेन परिसर श्रद्धा और भक्ति से सराबोर रहा।

## बी डिविजन क्रिकेट लीग अक्टूबर के दूसरे सप्ताह से होगा

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा बी डिविजन क्रिकेट लीग का शुभारंभ अक्टूबर के दूसरे सप्ताह से किया जायेगा। इस वर्ष जिले के खिलाड़ियों को पांच टूर्नामेंट जैसे बी डिवीजन क्रिकेट लीग, ए डिविजन क्रिकेट लीग, नॉक आउट टूर्नामेंट, टी20 टूर्नामेंट तथा अंतर विद्यालय टूर्नामेंट खेलने का अवसर प्राप्त होगा। इन सभी टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन 16 सितंबर से 30 सितंबर तक किया जायेगा। खिलाड़ियों को अपना पीवीसी आधार कार्ड जन्म प्रमाण पत्र और स्कूल के करंट इयर का बोनाफाइड सर्टिफिकेट जमा करना होगा। निर्धारित तिथि के बाद किसी भी टीम का या खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन नहीं होगा। निबंधन के लिए बीएस कॉलेज क्रिकेट स्टेडियम में कार्यालय निर्धारित तिथि को प्रतिदिन 10 बजे से 2 बजे तक खुली रहेगी। इच्छुक टीम तथा खिलाड़ी निर्धारित अवधि में आकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। लीग तथा टूर्नामेंट के सफल संचालन के लिए टूर्नामेंट कमेटी का गठन किया गया है। जिसके अध्यक्ष नेयाज मल्लिक तथा सदस्य रथींद्रनाथ राय, प्रवीण कुमार प्रसाद, सतीश वर्मा, दुर्गा प्रसाद प्रजापति, मुकेश दुबे, और अभय साहू को बनाया गया।

# ग्रामीण चिकित्सक की लापरवाही से बच्चे की मौत, कार्रवाई की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद में एक ग्रामीण चिकित्सक की लापरवाही से एक छह वर्षीय बच्चे की मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के बाद डॉक्टर फरार हो गया है। मृत बच्चे की पहचान हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के पचंबा गांव निवासी कमेश राम के पुत्र सचिन कुमार 6वर्ष के रूप में हुई है। घटना बीते शुक्रवार की दोपहर की बतायी जाती है। जानकारी के अनुसार उक्त बच्चे को बिच्छू ने डंक मार दिया था, दर्द से उसे तड़पता देखकर परिजनों ने उसे जपला -हैदरनगर रोड स्थित नदी पर खुशबू क्लिनिक डॉक्टर पंकज कुमार के पास इलाज के लिए लाया गया। परिजनों ने बताया कि डॉक्टर ने उसे देखने के बाद दो तीन इंजेक्शन लगाया और उसके बाद परिजनों को कहा कि इस इंजेक्शन से बच्चे को तेज बुखार आयेगा, कुछ घंटे बीतने के बाद उसे काफी तेज बुखार आया और कुछ ही मिनटों में उसका शरीर ठंडा पड़ा गया, शरीर में कोई हलचल नहीं देखकर जब हमलोगों ने डॉक्टर से बच्चे को बाहर ले जाने को कहा, तो डॉक्टर ने दबंगता दिखाते हुए पैसा की मांग करने लगे और कहा कि जब तक इलाज का पैसा नहीं दोगे बाहर नहीं जाने देंगे। हमलोगों को तीन घंटा अपने क्लीनिक में बैठाए रखा। उसके बाद गांव के दूसरे से फोन पे में पैसा देने के बाद मरीज और हमलोगों को बाहर इलाज के लिए जाने दिया। उसने बताया कि हमलोगों ने आनन फानन में उसे बेहतर इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल से इलाज के बाद उसे मेदिनीनगर सदर अस्पताल लेकर पहुंचते ही वह शिथिल पड़ गया, जहां ऑन ड्यूटी मौजूद चिकित्सक ने उसे देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि कथित डॉक्टर के गलत इलाज किये जाने के कारण और तीन घंटा बैठाये रखने के कारण उसका सही समय से इलाज नहीं होने के कारण बच्चे की मौत हुई है। इस संबंध में मृतक के पिता कमेश राम ने डॉक्टर के खिलाफ लिखित आवेदन थाना और सीएस को भी दिया है। उधर सोशल मीडिया पर खबर चलने की सूचना पर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ विनेश कुमार ने भी क्लीनिक के पास पहुंचे तो देखा की उक्त क्लीनिक बंद हैं। उन्होंने बताया कि परिजनों से बात हुई हैं, उनके अनुसार गलत इलाज के कारण मौत होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## भंडरा मे यूरिया नहीं मिलने से किसान परेशान

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र स्थित खाद बीज के दुकान में यूरिया खाद नहीं मिलने के कारण किसान परेशान हो रहे हैं। किसान खाद के लिए विभिन्न दुकान का चक्कर काटते नजर आ रहे हैं। भुक्तभोगी किसान प्रमोद उरांव, कर्मा उरांव, शिव उरांव, जीवन उरांव, राजू उरांव, मदन उरांव सहित दर्जनों ने बताया कि धान का पटवन हो गया है। लेकिन यूरिया खाद नहीं मिल रहा है। जिसके कारण फसल प्रभावित हो रहा है। वहीं नाम नहीं छापने के शर्त पर कुछ दुकानदारों ने बताया कि कुछ होलसेलर के द्वारा यूरिया नहीं दिया जा रहा है। यूरिया के साथ जाइम, कैल्सियम टैग कर लेने को मजबूर किया जाता है। जो किसान नहीं लेना चाहते हैं। इस मामले में पूछने पर जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया की जिस किसान को यूरिया नहीं मिल रहा है या जो दुकानदार यूरिया नहीं देता है उसके नाम से उन्हें आवेदन दें।

## हुसैनाबाद फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष बने मिथिलेश



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय के सभागार में रविवार को फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन संघ का चुनाव संपन्न हुआ। प्रखंड क्षेत्र के सभी डीलर एसोसिएशन सदस्यों और पर्यवेक्षक के रूप में नागेंद्र सिंह अजय भारती, प्रदीप पासवान, सूर्यनारायण राम और श्याम बिहारी पासवान की उपस्थिति में चुनाव प्रक्रिया शुरू की गयी। अध्यक्ष पद के लिए मिथिलेश राम व शम्भू सिंह ने नामांकन दाखिल किया। मिथिलेश राम को 83 मत व शम्भू सिंह को 40 मत प्राप्त हुआ। इस प्रकार 43 मत से जीत हासिल कर मिथिलेश राम प्रखंड अध्यक्ष चुन लिए गये। जनवितरण प्रणाली के सदस्यों ने माला पहनाकर नए अध्यक्ष का स्वागत किया। नये अध्यक्ष मिथिलेश राम ने संगठन के प्रति निष्ठा और ईमानदारी से काम करने का वादा किया। उन्होंने कहा कि वे राशन डीलरों की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही कमिटी का विस्तार कर नए पदाधिकारियों का चयन किया जायेगा।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रिंस कुमार
सहायक अभियंता
प्रखंड भवनाथपुर जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

नंदजी राम
बीडीओ सह सीडीपीओ
प्रखंड भवनाथपुर जिला गढ़वा
निवेदक
एलएस संध्या रानी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रो. राहुल कुमार
टीवीएस ऑटोमोबाइल
भवनाथपुर पड़वा चट्टान मुख्य पथ के समीप

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

विद्यानंद प्रजापति
एमपीडब्ल्यू
ज्योति पैथोलॉजी खरौंधी मोड

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मनीष कुमार
अरसली उतरी पंचायत

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मॉडर्न पैथोलॉजी
नियर ब्लॉक गेट के सामने
संचालक - हाजी मेजर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रमेंद्र विश्वकर्मा व चंदन कुमार
कनीय अभियंता (मनरेगा)
प्रखंड भवनाथपुर जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सतीश कुमार सिंह
( पंचायत सचिव )
ग्राम पंचायत कैलान जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

बेबी देवी
मुखिया
ग्राम पंचायत भवनाथपुर, जिला गढ़वा
निवेदक सुजीत कुमार

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ. रविशंकर दास
जयगुरु मेडिकल
ढ़ेकुलिया रोड भवनाथपुर जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

दयानंद प्रजापति व शशि कुमार
ग्राम रोजगार सेवक पंचायत कैलान, सिंदुरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

राजगीर कुमार
(पंचायत सचिव)
ग्राम पंचायत अरसली दक्षिणी
भवनाथपुर जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सरिता देवी
मुखिया
ग्राम पंचायत मकरी भवनाथपुर जिला गढ़वा
निवेदक धनंजय साह

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ. धर्मेंद्र मेहता
शिव शरण सेवा संस्थान
खरौंधी रोड भवनाथपुर जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

शोभा देवी
प्रमुख
प्रखंड भवनाथपुर जिला गढ़वा
निवेदक
शैलेंद्र पाठक

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अख्तर अंसारी
आजाद समता पार्टी जिला उपाध्यक्ष सह प्रखंड सदर भवनाथपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ. दिनेश कुमार
चिकित्सा पदाधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर जिला गढ़वा
निवेदक
लेखापाल प्रदीप पाठक

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

वैदिक ज्ञान पब्लिक स्कूल
संचालक
वेद प्रकाश आर्य
ढ़ेकुलिया रोड भवनाथपुर जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

ब्रजेश कुमार सिंह
( पूर्व बीससूत्री अध्यक्ष सह वरिष्ठ झामुमो नेता) प्रखंड भवनाथपुर जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रजनी रंजन
थाना प्रभारी
भवनाथपुर जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अनुज कुमार
बीटीटी
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

ओम शांति पब्लिक स्कूल
निदेशक
उमेश जायसवाल
ढ़ेकुलिया रोड भवनाथपुर जिला गढ़वा
निवेदक
प्रियांशु जायसवाल

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अनंत प्रताप देव
विधायक
भवनाथपुर विधानसभा
निवेदक झामुमो प्रखंड कमिटी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

शंभू राम
सीओ
अंचल भवनाथपुर जिला गढ़वा
निवेदक
सीआई इंतखाब आलम

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ. सुनील कुमार
सद्भावना हॉस्पिटल मेन रोड भवनाथपुर जिला गढ़वा
निवेदक
गुप्तेश्वर प्रसाद, जितेंद्र श्रीवास्तव

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

गायत्री देवी
मुखिया
ग्राम पंचायत पंडरिया भवनाथपुर जिला गढ़वा
निवेदक अनिल चौबे

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

# समाज के उत्थान में बड़ी बहन का दायित्व निभाउंगी : अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा पलामू इकाई द्वारा आजादी का जश्न हजारों कुशवाहा परिवार के बीच में कुशवाहा भवन बायपास रोड में मनाया गया। सभा की अध्यक्षता पलामू इकाई के अध्यक्ष अजीत मेहता ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर, अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अभय कुमार मेहता, वीरेंद्र कुशवाहा,पूर्व जिला परिषद उत्तरी रानो देवी,पूर्व वार्ड पार्षद शकुंतला देवी, प्रमुख गीता मेहता, डॉ श्याम बिहारी महतो, युवा अध्यक्ष रिंकू मेहता,अजीत मेहता,निरंजन मेहता एवं काफी संख्या में अतिथि



उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में प्रथम महापौर द्वारा लाइब्रेरी का उद्घाटन कराया गया और कई मेधावी छात्रों को सम्मानित कराया गया। प्रथम महापौर ने कुशवाहा परिवार के प्रति अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज ने मुझे अपनी बहन की तरह प्यार दिया है मैं हमेशा बड़ी बहन के रूप में समाज के साथ खड़ी रहूंगी और अपना दायित्व निभाऊंगी। प्रथम महापौर ने कहा कि कुशवाहा समाज जिस तरह कुशवाहा भवन बनाकर युवाओं को भवन में निशुल्क रखते हुए उन्हें शिक्षित करने का काम कर रहा है। आने वाले समय में उनका यह कार्य मील का पत्थर साबित होगा और इस पुनीत कार्य में समाज को मेरी कहीं भी आवश्यकता होगी तो मैं बड़ी बहन की तरह अपना दायित्व निभाऊंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अजीत मेहता ने कुशवाहा महासभा द्वारा कराए जा रहे कार्यों की विस्तृत में जानकारी देते हुए कहा कि कुशवाहा भवन सिर्फ कुशवाहा परिवार के लिए ही नहीं बल्कि पूरे पिछड़ी जाति के लिए छोटे-छोटे कार्यक्रमों में निशुल्क हाल उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम में रिंकू मेहता ने विशेष योगदान दिया और सामाजिक उत्थान पर चर्चा की साथी कहा हम युवाओं की कहीं भी आवश्यकता होगी एकजुटता का परिचय देंगे। कार्यक्रम में समाज के रीढ़ डॉ श्याम बिहारी महतो ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम की शुरूआत आजादी के महोत्सव झंडोतोलन से किया गया।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डीलर संघ बिशनपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुशील टोप्पो
राजस्व कर्मचारी
बिशुनपुर, गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संकुल संसाधन केंद्र बिशुनपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
यूनुस अली
वितरक
इंडियन गैस, बनारी, बिशुनपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बिनय एक्का
मुखिया
जरडा पंचायत, जारी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आजाद कुमार
कार्यक्रम पदाधिकारी
जारी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आई.एस.डी.जी. रिसर्च फाउंडेशन

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुलेमान मुंडारी
प्रखंड विकास पदाधिकारी
बिशनपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ अल्बेल लकड़ा
चिकित्सा प्रभारी
जारी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बसनु उरांव
मुखिया बनारी
बिशुनपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गणेश राम महतो
प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, बिशुनपुर गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अलेक्जेंडर तिर्की
एच एम, संत मारिया उच्च विद्यालय, बारडीह

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रभु दास तिग्गा
शिक्षक
राजकीय मध्य विद्यालय, सीकरी, जारी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बाल विकास परियोजना बिशुनपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दिलीप बड़ाइक
जिला परिषद सदस्य
जारी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
चंदन सिंह
उप प्रमुख
बिशुनपुर प्रखंड, बिशुनपुर, गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
धीरज कुमार सिंह
थाना प्रभारी, गुरदरी बिशुनपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अर्जुन यादव
थाना प्रभारी, बिशनपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कालेश्वर लकड़ा
एच एम
राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय
धोबारी, जारी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शंभू कुमार
समाजसेवी
जोरी, बिशुनपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आदित्य कुमार
थाना प्रभारी
अल्बर्ट एक्का प्रखंड जारी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जट्टू गोप
बड़ा बाबू
जल छाजन विभाग

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सोनाली डीजे मिंज
प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र
बिशुनपुर, गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मीनू खलखो
पशु चिकित्सा प्रभारी, बिशनपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
चाजरेन मिंज
मुखिया
मेराल जारी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजलक्ष्मी उरांव
प्रमुख
बिशुनपुर प्रखंड, बिशुमपुर, गुमला




# रजरप्पा में हेमंत के लिए बसंत ने उठाया छाता

## बाबा की अस्थियां लेकर आगे बढ़ रहे थे हेमंत : पीछे-पीछे छाता के साथ चल रहे थे बसंत

**रजरप्पा से लौटकर बीरू कुमार**

**रामगढ़।** किसी ने सच ही कहा है कि अगर भाई का साथ हो, तो बड़े से बड़े दुख को दूर कर सकते हैं। कुछ ऐसा ही समय पिछले 13 दिनों से राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ बीता है। पिता का साया उठने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और छोटे भाई बसंत सोरेन का रिश्ता दुनिया ने देखा। बसंत ने हेमंत सोरेन का हर कदम पर साथ दिया।

रविवार को रजरप्पा में गुरुजी के अस्थि विसर्जन कार्यक्रम के दौरान भी दोनों भाइयों का प्रेम दिखा। दिशोम गुरु शिबू सोरेन की अस्थियां लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सपरिवार रजरप्पा पहुंचे थे। मुख्यमंत्री अस्थि कलश लेकर आगे बढ़ रहे थे। इसी दौरान बसंत सोरेन ने अपने बड़े भाई को धूप से बचाने के लिए छाता मंगाया और उसे खोल कर हेमंत सोरेन के लिए छाया कर दी।



### बसंत सोरेन ने दिया राज्य को अच्छा संदेश

इस काम से बसंत सोरेन ने पूरे राज्य को एक संदेश दिया है कि पिता के बाद बड़ा भाई ही पिता समान होता है। इसलिए उन्हें वैसी ही सेवा मिलनी चाहिए, जैसी पिता शिबू सोरेन को दी है।

### ऐसा ही बना रहे भाइयों का प्यार

लोगों ने कहा कि दोनों भाइयों का प्रेम ऐसा ही बना रहे। मां छिन्नमस्तिके दोनों भाइयों पर ऐसी ही कृपा बनाये रखें, ताकि दोनों भाइयों की देखरेख में झारखंड का विकास उस पैमाने पर हो, जिसकी कल्पना दिशोम गुरु शिबू सोरेन की थी।

### पिता के सपनों को हेमंत करेंगे साकार

लोगों का मानना है कि सीएम हेमंत सोरेन अपने पिता के सपनों को साकार करेंगे, क्योंकि शिबू सोरेन का स्वरूप हेमंत सोरेन में स्पष्ट रूप से दिखता है। जैसे शिबू सोरेन ने अपने राज्य और राज्यवासियों के लिए किसी के सामने घुटने नहीं टेके, उसी प्रकार हेमंत सोरेन भी राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों का डटकर मुकाबला करेंगे। इसलिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से राज्यवासियों को उम्मीद है कि राज्य और राज्यवासियों की तरक्की करेंगे।

# सूर्या हांसदा एनकाउंटर की सच्चाई जानने भाजपा की टीम पहुंची गोड्डा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देशानुसार प्रदेश भाजपा द्वारा सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले की जांच हेतु गठित सात सदस्यीय समिति ने सोमवार को गोड्डा का दौरा किया। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही, पूर्व मंत्री रणधीर सिंह, पूर्व सांसद सुनील सोरेन, पूर्व विधायक अमित मंडल और अनिता सोरेन उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा नेता लॉबिन हेंब्रम भी साथ थे। समिति ने सूर्या हांसदा के परिजनों से मुलाकात की। समिति ने उस विद्यालय का भी दौरा किया, जो स्व सूर्या हांसदा के द्वारा चलाया जा रहा था। बच्चों से भी समिति के सदस्यों ने जानकारी प्राप्त की। बाद में मीडिया से बात करते हुए राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता अर्जुन मुंडा ने राज्य सरकार एवं राज्य की पुलिस पर निशाना साधते हुए गंभीर आरोप लगाए।

श्री मुंडा ने राज्य सरकार से मांग किया कि जनता और स्व सूर्या हांसदा के परिवार को राज्य सरकार की जांच पर भरोसा नहीं है। इसलिए राज्य सरकार पहले दोबारा पोस्टमार्टम कराकर रिपोर्ट तैयार करे और फिर हाइकोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में जांच समिति बनाकर घटना की निष्पक्ष जांच कराना सुनिश्चित करे। श्री मुंडा ने स्व सूर्या हांसदा के परिजनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि यदि राज्य सरकार खुद को आदिवासी समाज की हितैषी मानती है, पारंपरिक व्यवस्था की हिमायती मानती है, तो स्पष्टीकरण दे। उन्होंने कहा कि अगर राज्य सरकार इस पर पुनर्विचार नहीं करती है, तो भाजपा आने वाले दिनों में न्याय दिलाने केलिए बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होगी।

**उपराष्ट्रपति चुनाव : जेपी नड्डा ने एलान किया**

# सीपी राधाकृष्णन होंगे एनडीए के उम्मीदवार

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार होंगे। रविवार को हुई भाजपा संसदीय दल की बैठक में उनके नाम पर सहमति बनी। नड्डा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राधाकृष्णन के नाम का ऐलान किया। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई नेता मौजूद थे। राधाकृष्णन 21 अगस्त को नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान एनडीए शासित राज्यों के सभी मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी शामिल होंगे।

उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए नौ सितंबर को वोटिंग होगी। उसी दिन काउंटिंग भी होगी। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 21 अगस्त है। 25 अगस्त तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकती है।







**सासाराम से शुरू हुई राहुल गांधी-तेजस्वी यादव की 'मतदाता अधिकार यात्रा'**

# संविधान और मताधिकार को बचाने की लड़ाई है यात्रा : राहुल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सासाराम।** बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में कथित अनियमितताओं के खिलाफ कांग्रेस ने रविवार से 'मतदाता अधिकार यात्रा' की शुरुआत कर दी। इस यात्रा के लिए राहुल गांधी सासाराम पहुंचे, जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। खास बात यह रही कि इस मंच पर कांग्रेस के साथ राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव, पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और महागठबंधन के अन्य दिग्गज नेता भी मौजूद रहे। इससे यात्रा की शुरुआत महागठबंधन की एकजुट ताकत के बड़े प्रदर्शन में तब्दील हो गयी।

**राहुल ने भाजपा-चुनाव आयोग पर बोला हमला :** यात्रा शुरू करने से पहले सभा में राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव जीतने के चार महीने बाद बीजेपी महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव जीत जाती है, जबकि ओपिनियन पोल हमारे पक्ष में था। जब हमने इसकी गहराई से पड़ताल की, तो पता चला कि विधानसभा चुनाव से पहले हर विधानसभा क्षेत्र में लाखों वोटर जोड़े गये, जिसकी बदौलत भाजपा चुनाव जीत गयी। अब यही कारनामा बिहार विधानसभा चुनाव से पहले एसआइआर के जरिये बिहार में किया जा रहा है। उन्होंने पूछा कि आखिर भाजपा हर चुनाव कैसे जीत जाती है। उन्होंने कहा कि एसआइआर के माध्यम से जो वोट चोरी की जा रही है, उसे हम पूरे बिहार की जनता को दिखायेंगे। राहुल गांधी ने कहा कि यह संविधान और मताधिकार को बचाने की लड़ाई है। हम गरीबों के वोट की चोरी नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि मैं इस मंच से आपको बता रहा हूं कि पूरे देश में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव चुराये जा रहे हैं। बीजेपी की ताजा साजिश बिहार में एसआइआर कराने और बिहार के चुनाव भी चुराने की है। हम सब इस मंच पर आपको यह बताने आये हैं कि हम उन्हें यह चुनाव नहीं चुराने देंगे। उन्होंने कहा कि पूरा देश जानता है कि चुनाव आयोग क्या कर रहा है। पहले देश को पता नहीं था कि वोट कैसे चुराये जा रहे हैं। लेकिन हमने प्रेस कांफ्रेंस में साफ कर दिया कि वोट कैसे चोरी किये जा रहे हैं। सभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि हम सबसे पहले राहुल गांधी को बिहार से वोटर अधिकार यात्रा की शुरुआत करने के लिए धन्यवाद देते हैं। उन्होंने कहा कि संविधान ने देश के गरीब से गरीब और ताकतवर से ताकतवर व्यक्ति को भी एक वोट देने का अधिकार दिया है, लेकिन भाजपा चुनाव आयोग के माध्यम से इस अधिकार को छीनना चाहती है। चुनाव आयोग यह जान ले कि बिहार लोकतंत्र की जननी है और महागठबंधन लोकतंत्र को समाप्त नहीं होने देगा।
























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**